▪ कार्तिक शुक्ल - 10 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 118 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 23-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



भारतीय रिज़र्व बैंक
आर बी - आय ओ एस
RB - IOS
RESERVE BANK OF INDIA



## रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना

शिकायत दर्ज करने के लिए
https://cms.rbi.org.in
पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ – 160017 पर शिकायत दर्ज करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.

समय: कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:

- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




जनहित में जारी
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

# मोदी को निशाना बनाने संबंधी टिप्पणियों के लिए भाजपा ने राहुल, खरगे पर कार्रवाई की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 'पनौती' वाले बयान को लेकर बुधवार को राहुल गांधी के खिलाफ आक्रमण तेज कर दिया और निर्वाचन आयोग से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पार्टी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक सहित पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ भी निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की और उन पर यह झूठा दावा करने का आरोप लगाया कि मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उनकी जाति गुजरात की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल थी।

पाठक ने कहा कि घांची जाति को 1999 में ओबीसी सूची में शामिल किया गया था जबकि मोदी 2001 में मुख्यमंत्री बने थे।

भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग को सौंपे गए अपने ज्ञापन में कहा, ''हम निर्वाचन आयोग से अनुरोध करते हैं कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के खिलाफ उनके लगातार धोखाधड़ी, आधारहीन और अपमानजनक आचरण के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करके तत्काल हस्तक्षेप किया जाए और उनके खिलाफ निषेधात्मक आदेश पारित किया जाए।''

इस ज्ञापन में कहा गया है, ''अन्यथा, यह चुनावी माहौल को खराब कर देगा और इससे सम्मानित व्यक्तियों को बदनाम करने के लिए अपशब्दों, आपत्तिजनक भाषा का उपयोग और झूठी खबरों को रोकना मुश्किल हो जाएगा।''

राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में एक चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'पनौती' शब्द का इस्तेमाल किया था।

आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है जो बुरी किस्मत लाता है।

अग्रवाल ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्हें 'विवेकहीन और मूल्यहीन' राजनेता बताया और कहा कि विश्व के नेता मोदी का सम्मान करते हैं।



## बिहार को 'विशेष राज्य' का दर्जा देने की मांग करते हुए राज्य मंत्रिमंडल ने किया प्रस्ताव पारित

**पटना/भाषा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार को 'विशेष राज्य' का दर्जा देने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि बिहार के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुये केन्द्र सरकार इसे शीघ्र ही विशेष राज्य का दर्जा दे। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में जाति सर्वेक्षण के आलोक में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है।

जनता दल (यूनाईटेड) के शीर्ष नेता नीतीश ने कहा, ''देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आंकड़ों के आधार पर कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50% से बढ़ाकर 65% कर दिया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10% आरक्षण पूर्ववत लागू रहेगा, अर्थात इन सभी वर्गों के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75% कर दिया गया है।''

## मेघालय की निगाहें विरासत पर्यटन पर, पुराने विधानसभा भवन में संग्रहालय बनाने की योजना: संगमा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिलांग/भाषा।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने शिलांग एवं राज्य के अन्य हिस्सों में विरासत स्थलों पर पर्यटन की संभावनाएं बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि राजधानी में मौजूद ऐतिहासिक पुराने विधानसभा भवन के एक हिस्से में एक छोटा संग्रहालय खोलने की योजना है। संगमा ने '11वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट' से इतर पीटीआई-भाषा से बात की। शिलांग में मंगलवार शाम को '11वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट' की शुरुआत हुई।

शिलांग अविभाजित असम की राजधानी था। इसे 'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है और यह अपने ऐतिहासिक महत्व एवं मनोरम प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है।

तीन दिवसीय मार्ट में पूर्वोत्तर में, खासकर मेघालय में पर्यटन की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो मेजबान राज्य है। संगमा ने कहा, ''मेरा मानना है कि पर्यटन के लिहाज से इस तरह के विरासत स्थलों को बढ़ावा देने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने के लिए एक नीति बननी चाहिए। यह निश्चित रूप से समग्र रणनीति का हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, ''महत्वपूर्ण यह है कि हम विभिन्न पक्षकारों को एकसाथ ला रहे हैं और वास्तव में इस पर चर्चा करने और विभिन्न बिंदुओं पर एक राय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यही आज के कार्यक्रम का उद्देश्य है।'' उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''विधानसभा भवन स्थल (शिलांग में)... आप जानते हैं कि विधानसभा भवन करीब 20 साल पहले जल गया था। इसलिए वहां कुछ खास बचा नहीं है। लेकिन हमने उन्हें छुआ नहीं है और उसे जस का तस बनाए रखा है क्योंकि हमें वहां विधानसभा का कुछ काम करना था।'' उन्होंने कहा, ''नए विधानसभा भवन का निर्माण कार्य जारी है जिसके पूरा होते ही हम वहां स्थानांतरित होंगे... सितंबर 2024 तक इसका उद्घाटन किए जाने की संभावना है।'' संगमा ने कहा कि पुराना भवन ब्रिटिश काल का ढांचा था, जिसका इस्तेमाल अविभाजित असम में होता था।

## विधायक झारखंड के विकास के लिए मिलकर काम करें: राज्यपाल राधाकृष्णन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को राज्य के विधायकों से राज्य के विकास के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। विधानसभा के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विधायकों से अपील की कि जब वे सदन में हों तो इसकी गरिमा को बनाकर रखें। उन्होंने कहा, ''बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हम विधानसभा का 23वां स्थापना दिवस मना रहे हैं, जिसका वैभवशाली इतिहास है।''

राधाकृष्णन ने कहा, ''सदन के सदस्यों के दो प्रमुख कर्तव्य हैं। उनका मुख्य कर्तव्य सदन में रहते हुए इसकी गरिमा को बरकरार रखना और दूसरा कर्तव्य है कि उन्हें एक साझा उद्देश्य विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए।'' राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में चुनावों से नहीं बचा जा सकता और दलीय आधार पर चुनाव लड़ना लोकतंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''लेकिन हमें मिलकर काम करना चाहिए ताकि गरीबी हटाई जा सके।'' इस अवसर पर राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान लातेहार जिले की मनिका विधानसभा से कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह को प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा राज्य की सबसे बड़ी पंचायत है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने विधायकों से अपने मतभेद भुलाते हुए झारखंड को विकसित राज्य बनाने की अपील की।

## ईडी की कार्रवाई से कांग्रेस डरने वाली नहीं है: खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के 'नेशनल हेराल्ड' अखबार से संबंधित संपत्तियां कुर्क किए जाने की कार्रवाई को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नहीं डरने वाली और उसे सत्ता से बाहर करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

तेलंगाना के आलमपुर में एक चुनावी सभा में खरगे ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उस अखबार को बंद करने के बारे में सोचा जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। उन्होंने कहा, ''मुझे आज दुख हो रहा है। मेरी पार्टी का अखबार 'नेशनल हेराल्ड', जिसे पं. नेहरू ने शुरू किया था... मोदी ने कल कांग्रेस से संबंधित संपत्ति जब्त कर ली। वह संपत्ति किसी व्यक्ति की नहीं थी। पं.नेहरू ने वह अखबार स्वतंत्रता संग्राम और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू किया था। यह स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज बन गया था।''

खरगे ने कहा, ''मोदी और शाह ने एक ऐसे अखबार को बंद करने के बारे में सोचा जो लोगों की आवाज था। उनकी सोच यह थी कि अगर नेहरू जी का अखबार 'नेशनल हेराल्ड' बंद हो जाएगा, तो तेलंगाना में लोग डर जाएंगे और भाजपा और केसीआर (तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव) को वोट देंगे।'' उन्होंने कहा, ''अगर वे सोचते हैं कि कांग्रेस डर जाएगी तो यह गलत है। कांग्रेस कभी नहीं डरेगी और वह अंत तक लड़ेगी।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी और देश को आजादी दिलाई तो भला भाजपा से क्या डरेगी। ईडी ने मंगलवार को कहा था कि उसने कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रवर्तित नेशनल हेराल्ड समाचारपत्र और इससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ धनशोधन की अपनी जांच के तहत लगभग 752 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति और 'इक्विटी' हिस्सेदारी (शेयर) जब्त की है। ईडी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन कंपनी के खिलाफ संपत्ति कुर्क करने का आदेश

## 'नेशनल हेराल्ड' मामले में ईडी की कार्रवाई राजनीति में नया निचला स्तर : सिब्बल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने 'नेशनल हेराल्ड' के स्वामित्व वाली कंपनी की संपत्तियां कुर्क करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह राजनीति में नया निचला स्तर है।

कांग्रेस के पूर्व नेता सिब्बल ने यह आरोप भी लगाया कि जांच एजेंसी कुछ 'शक्तियों' के इशारे पर काम कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत लगभग 752 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और इक्विटी शेयर जब्त किए हैं।

अस्थायी कुर्की आदेश तब आया जब पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होने वाली है। सिब्बल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यंग इंडियन (वाईआई), एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल)... ईडी ने एजेएल की 752 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। आरोप: एजेएल की संपत्ति के मालिकाना हक रखने वाली वाईआई के शेयरधारकों ने धोखाधड़ी और विश्वास हनन किया है। कानून: शेयरधारक कभी कंपनी की संपत्ति के मालिक नहीं होते हैं। यंग इंडियन एक गैर-लाभकारी कंपनी है। राजनीति में एक नया निचला स्तर।''



## सपा को नई बुलंदियों पर पहुंचाना ही 'नेताजी' के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इटावा (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि पार्टी संस्थापक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के बताये हुए रास्ते पर चलकर सपा को नई बुलंदियों पर पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अखिलेश ने पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अपने दिवंगत पिता मुलायम सिंह यादव की जयंती पर पैतृक गांव सैफई में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में कहा, 'नेता जी (मुलायम सिंह यादव) ने ऐसेऐसे फैसले लिये जिन्होंने देश की राजनीति को मोड़ने का काम किया।''

उन्होंने कहा, ''यहां जितने भी लोग बैठे हैं उन सबके पास नेताजी की कुछ न कुछ यादें हैं। आज नेताजी हमारे बीच नहीं हैं। नेताजी ने खुशहाली और विकास का जो रास्ता दिखाया, वंचितों को सम्मान दिलाया, हम इस रास्ते पर चलकर इस विचारधारा को और मजबूत करेंगे और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।' उन्होंने कहा, 'मुझे भरोसा है कि हमेशा देश या फिर लोकतंत्र पर जब कभी कोई संकट आया तो नेताजी ने सामने खड़े होकर उस संकट से बचाने का काम किया है। समाजवादी लोग भी समाजवादी विचारधारा को और मजबूत बनाने का काम करेंगे।'

अखिलेश ने सैफई में बनने जा रहे मुलायम सिंह यादव के स्मारक का जिक्र करते हुए कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिये प्रेरणा का स्थान बनेगा और यह एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करेगा।

## संरा में भारत ने खेलों के जरिये शांतिपूर्ण विश्व निर्माण के प्रस्ताव पर मतदान में नहीं लिया हिस्सा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** भारत ने खेलों के माध्यम से एक शांतिपूर्ण और बेहतर दुनिया के निर्माण, आतंकवाद एवं हिंसक अतिवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के साथ ही मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में खेल की भूमिका को स्वीकार करने पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को फ्रांस द्वारा पेश मसौदा प्रस्ताव 'खेल और ओलंपिक के माध्यम से एक शांतिपूर्ण और बेहतर दुनिया का निर्माण' पारित किया।

इस प्रस्ताव को परंपरागत रूप से सर्वसम्मति से पारित किया गया है, लेकिन इस साल, रूस ने इसके पाठ पर एक रिकॉर्डेड वोट का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 120 ने प्रस्ताव पर यूएनजीए में मतदान किया। इसके पक्ष में 118 वोट पड़े जबकि इसके खिलाफ कोई वोट नहीं पड़ा, वहीं रूस और सीरिया ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। भारत उन 73 देशों में शामिल था जो प्रस्ताव पर मतदान से अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में लोगों और देशों के बीच सहिष्णुता और समझ का माहौल बनाने में खेल के योगदान, आतंकवाद और हिंसक अतिवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने में इसकी भूमिका तथा हिंसा, आतंकवादियों की भर्ती के खिलाफ इसके योगदान को मान्यता दी गई।

इसमें माना गया कि खेल एवं ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों का उपयोग मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और ऐसे अधिकारों के लिए सार्वभौमिक सम्मान को मजबूत करने के लिए किया जा सकता है, इस प्रकार उनके पूर्ण क्रियान्वयन में योगदान दिया जा सकता है।

ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक खेलों से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा हर दो साल में इस प्रस्ताव पर विचार करती है।

## गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स का मेंटर पद छोड़ पुरानी टीम केकेआर से जुड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गम्भीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मेंटर (मार्गदर्शक) पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वह इसी पद पर अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़ गये हैं।

केकेआर ने गंभीर की कप्तानी में ही 2012 और 2014 में आईपीएल का खिताब जीता था। गम्भीर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को डाली गयी पोस्ट में कहा, 'मैं लखनऊ सुपरजायंट्स के साथ अपने शानदार सफर के अंत की घोषणा करता हूं। मैं सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, सहयोगी स्टाफ और हर उस व्यक्ति का बेहद शुक्रगुजार हूं जिसने इस सफर को यादगार बनाया।' वर्ष 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स से बतौर मार्गदर्शक जुड़े गम्भीर ने एक अन्य पोस्ट में अब कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ने का भी ऐलान किया। केकेआर ने अपने आधिकारिक हैंडल पर इसकी पुष्टि की है। केकेआर ने 'एक्स' पर लिखा, 'घर में आपका स्वागत है, मेंटर गौतम गम्भीर।' टीम ने अपने आधिकारिक वेब पेज पर की गयी पोस्ट में कहा, 'केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने आज (बुधवार, 22 नवंबर) घोषणा की कि गौतम गम्भीर केकेआर में मेंटर के रूप में लौटेंगे और मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ मिलकर काम करेंगे। वर्ष 2011-17 तक गम्भीर का केकेआर के साथ पिछला जुड़ाव ऐतिहासिक था। इस दौरान टीम ने दो बार खिताब जीता, पांच बार प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई किया और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 के फाइनल में पहुंची।'

## प. बंगाल को व्यापार शिखर सम्मेलन में 3.76 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले: ममता



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में निवेश आकर्षित करने के लिए आयोजित सातवें बंगाल व्यापार शिखर सम्मेलन के दौरान राज्य को 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यहां आयोजित व्यापार शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को बुधवार को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में निवेश के लिए मिले ये प्रस्ताव विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। बनर्जी ने कहा कि दो दिन के सम्मेलन में कुल 188 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और आशय पत्रों (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सम्मेलन की शुरुआत मंगलवार को हुई थी। उद्घाटन सत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, आरपीजी समूह के संजीव गोयनका और विप्रो के रिशद प्रेमजी समेत कई कारोबारी दिग्गज शामिल हुए थे।

## भारत को एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में नौ पदक

**बैंकॉक/भाषा।** विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई जिसके दम पर भारत ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में बुधवार को नौ पदक जीतकर दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज पर बढत बनाई। भारत को चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक मिला। वहीं दक्षिण कोरिया तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर दूसरे स्थान पर रहा । हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता राकेश ने पुरूषों के कंपाउंड वर्ग में इंडोनेशिया के केन एस को 145.144 से हराया ।

# निकट भविष्य में रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने की संभावना नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा के अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने की संभावना नहीं है और 50 ओवर के विश्व कप के शुरू होने से पहले ही उन्होंने खेल के छोटे प्रारूप में अपने भविष्य पर चर्चा की थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

नवंबर 2022 में भारत के टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद रोहित ने छोटे प्रारूप में एक भी मैच नहीं खेला है। तब से ज्यादातर हार्दिक पंड्या ने ही भारतीय टीम की अगुआई की है। रोहित ने 148 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने चार शतक से करीब 140 के स्ट्राइक रेट से 3853 रन बनाये हैं।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''यह नई बात नहीं है। रोहित ने पिछले एक साल से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है क्योंकि ध्यान वनडे विश्व कप पर लगा था। उन्होंने इस संबंध में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से भी गहन चर्चा की थी। उन्होंने खुद ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से दूर रहने की इच्छा व्यक्त की। यह पूरी तरह से रोहित का फैसला है। '' रोहित के अलावा भारत के पास शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन और रूतुराज गायकवाड चार सलामी बल्लेबाज हैं और सभी आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो चयनकर्ता या बीसीसीआई के अधिकारी रोहित से अपने इस फैसले पर दोबारा विचार के लिए कह सकते हैं। समझा जा सकता है कि करियर के इस पड़ाव में रोहित अपना कार्यभार संभालना चाहते हैं ताकि बचे हुए करियर में वह चोटों से मुक्त रह सकें। इसलिये उनके लिए तीनों प्रारूपों और प्रत्येक वर्ष आईपीएल में खेलना असंभव होगा जबकि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक सात टेस्ट खेले जाने हैं, जिससे भारतीय कप्तान का ध्यान ज्यादातर टेस्ट में ही लगा होगा। वह भारत को 2025 में एक और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचा सकते हैं और 2019 में भारत के लिए पारी का आगाज करने के बाद से खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में उनकी खुद की फॉर्म बेहतरीन रही है।

## इतने कम समय में टेस्ट के लिए तैयार होना चुनौतीपूर्ण : हरमनप्रीत कौर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मेलबर्न/भाषा।** लगभग एक दशक में घरेलू धरती पर पहला टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में जुटी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच कम समय में लंबे प्रारूप से सामंजस्य बिठाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। भारतीय टीम को घरेलू धरती पर दो टेस्ट मैच खेलने हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ 14 दिसंबर से नवी मुंबई में जबकि उसके बाद 21 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में टेस्ट मैच खेलेगी। अपने करियर में अभी तक केवल तीन टेस्ट मैच खेलने वाली हरमनप्रीत के लिए सबसे बड़ी चिंता भारतीय टीम के पास लाल गेंद की क्रिकेट खेलने का पर्याप्त अनुभव नहीं होना है।

हरमनप्रीत कौर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा,''टेस्ट श्रृंखला के लिए हम वास्तव में बेहद उत्साहित है क्योंकि मैं घरेलू दर्शकों के सामने लंबे समय (2014) से नहीं खेली हूं, इसलिए मैं वास्तव में इसको लेकर काफी उत्साहित हूं।'' उन्होंने कहा,''हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हमने लाल गेंद की क्रिकेट नहीं खेली है। हम पिछले कई वर्षों से सफेद गेंद (सीमित ओवरों) की क्रिकेट ही खेल रहे हैं।'' हरमनप्रीत ने कहा,''यहां तक कि घरेलू क्रिकेट में भी हम लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेलते हैं। इसलिए इतने कम समय में टेस्ट मैच के लिए तैयार होना हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है।''

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित







2 ईडी की कार्रवाई से कांग्रेस डरने वाली नहीं है : खरगे

6 बढ़ते हुए तलाक कर रहे सामाजिक ताने-बाने ख़ाक

7 'डंकी' के गाने 'लुट्ट पुट्ट गया' में तापसी पन्नू के लिए आवारा रोमियो बने शाहरुख


## फर्स्ट टेक

### पाक स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े तीन लोग गिरफ्तार : पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि इन गिरफ्तारी के साथ ही उसने पैसे लेकर हत्या करने की साजिश को विफल कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि आरोपियों के पास से आठ हथियार और 30 कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बठिंडा के राजभूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा, फाजिल्का के रमन कुमार और कोटकपुरा के जगजीत सिंह के रूप में हुई है। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''बड़ी सफलता हासिल करते हुए बठिंडा के 'काउंटर इंटेलिजेंस' ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके आईएसआई नियंत्रित, पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से संबंध हैं। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपी वर्तमान में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संगरूर की जेल में बंद व्यक्तियों के संपर्क में थे।''

### पूर्वी इंडोनेशिया में 6.6 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत

**जकार्ता/वार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत उत्तरी मालुकु में बुधवार को तीव्र भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये और इस कारण एक व्यक्ति की मौत हो गयी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गयी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन एवं शमन एजेंसी के प्रमुख फेहबी अल्टिंग ने बताया कि भूकंप के कारण दूरसंचार का एक टावर ढह गया, जिसके कारण एक कर्मचारी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के समय कर्मचारी टेल्कोमसेल द्वारा संचालित टॉवर को ध्वस्त करने का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण शहर और प्रांत के अन्य हिस्सों में अन्य इमारतें या घर क्षतिग्रस्त नहीं हुए हैं। भूकंप के प्रभाव के जोखिम का आकलन अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### इमरान खान और 28 अन्य व्यक्तियों के नाम ईसीएल में डालने की सिफारिश

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और 28 अन्य की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए उनके नाम बुधवार को एक्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) में डालने की सिफारिश की ताकि वे देश से बाहर न जा सकें। 'डॉन' समाचार पत्र की खबर के अनुसार संघीय मंत्रिमंडल की एक उपसमिति ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान और 28 अन्य लोगों के नाम ईसीएल में रखने की सिफारिश की।

| 22-11-2023 सूर्यास्त | 23-11-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:50 बजे | 6:22 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 66,023.24 | 19,811.85 |
| (+92.47) | (+28.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,240 रु. | 71,700 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### नेता गुण

नेता होते हैं बाजीगर,
मुद्दों से ध्यान बँटाने में।
होते हैं पूरे व्यापारिक,
रिश्तों को जोड़-घटाने में।
पूरे होते हैं क्रूर कुशल,
पथ कंटक दूर हटाने में।
जिस पर उनका दिल आ जाए,
पल लगता उसे पटाने में।।

## युवा पीढ़ी अपने बुजुर्ग माता-पिता का ख्याल रखें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि सेवा, समानता और सहानुभूति जैसे नैतिक और मानवीय मूल्य हमारी संस्कृति की नींव हैं और युवाओं को इन महान आदर्शों से परिचित होना चाहिये।

राष्ट्रपति ने ओडिशा के संबलपुर में ब्रह्माकुमारी के शिक्षा अभियान 'न्यू एजुकेशन फॉर न्यू इंडिया' का शुभारंभ करने के बाद कहा कि बेहतर समाज बनाने के लिये युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्ग माता-पिता और समाज के वंचित वर्गों के लोगों की देखभाल करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मन में इन मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा किया जाना चाहिये। सुश्री मुर्मु ने कहा, नैतिक शिक्षा हमारे जीवन निर्माण में सहायक होती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। नैतिक शिक्षा हमें करुणा, दया, मित्रता और बंधुत्व के जीवन मूल्यों से अवगत कराती है। उन्होंने कहा कि इन गुणों वाले व्यक्ति में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। किसी व्यक्ति में सकारात्मक बदलाव से बेहतर समाज बन सकता है।

## बंधकों पर इजरायल-हमास सहमति का स्वागत, आतंकवाद का विरोध : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विश्व एक परिवार है, इस भावना में बड़ी ताकत है जिससे हम शांति कायम कर सकते हैं और आतंक और हिंसा के खिलाफ मजबूती से आवाज उठा सकते हैं।**

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल और हमास के बीच बंधकों की रिहायी के लिये समझौते का स्वागत करते हुये बुधवार को विश्व समुदाय से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि इन दोनों पक्षों के बीच पश्चिम एशिया के एक सीमित इलाके में चल रही यह लड़ाई किसी तरह का क्षेत्रीय रूप धारण न कर ले।

मोदी भारत की जी20 की अध्यक्षता में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के इस मंच की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित शिखर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस संबोधन में आतंकवाद और निर्दोष नागरिकों की हत्या पर भारत के कड़े रुख को पुन: व्यक्त किया और कहा, हम मानते हैं कि आतंकवाद हम सभी को अस्वीकार्य है। नागरिकों की मौत, कहीं भी हो, निंदनीय है।

गौरतलब है कि इजरायल में फिलिस्तीनी बहुल स्वायत्त गाजा पट्टी क्षेत्र में ताकत रखने वाले हमास आतंकवादियों ने गत सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर हथियारों के साथ धावा बोल दिया था। उनके इस अप्रत्याशित हमले में एक हजार से अधिक लोग मारे गये थे और हमलावर ने महिलाओं तथा बच्चों समेत बहुत से लोगों को बंधक बना कर उठा ले गये थे। इमें कुछ विदेशी नागरिक भी बताये जाते हैं।

मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुये कहा कि विश्व एक परिवार है, इस भावना में बड़ी ताकत है जिससे हम शांति कायम कर सकते हैं और आतंक और हिंसा के खिलाफ मजबूती से आवाज उठा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज हुये समझौते के तहत बंधकों के छोड़े जाने के समाचार का हम स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि सभी बंधक जल्दी रिहा हो जायेंगे।

## राजौरी में चार सैन्यकर्मी शहीद, दो जवान घायल

**जम्मू/वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में दो अधिकारियों सहित चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए।



सूत्रों ने कहा, बुधवार को राजौरी जिले में तीन से चार आतंकवादियों के एक समूह और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम के बीच गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए कुछ दिन पहले कालाकोट के बाजुमल इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, आज सुबह छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिस पर जवाबी कार्रवाई की गई और मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों ने कहा, ऑपरेशन में दो अधिकारियों समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि माना जा रहा है कि गोलीबारी में तीन से चार आतंकवादी फंसे होंगे, जबकि अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## सुरंग में फंसे सभी मजदूर सुरक्षित, सभी को जल्द बाहर निकालेंगे : सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नैनीताल/वार्ता।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग में फंसे मजदूरों को जल्द ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया जायेगा। विदेशी विशेषज्ञों की अगुवाई में सुरक्षित रिहाई के लिये जोरशोर से अभियान चलाया जा रहा है।

यह बात प्रदेश सरकार की ओर से बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष रखी गयी। इसके बावजूद अदालत ने सरकार से पूछा कि वह बताये कि सभी मजदूरों को जीवन रक्षक दवाई या अन्य सामान मिल रहा है? सरकार की ओर से आज अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की गयी। रिपोर्ट में कहा गया कि मजदूरों तक पहुंच बना ली गयी है। सभी सुरक्षित हैं। सभी से बात हो रही है। उन्हें खाना, दवाई और अन्य सामान मुहैया कराया जा रहा है। विशेषज्ञों की अगुवाई में मजदूरों को बाहर निकालने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। कई योजना पर काम किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें बाहर निकाल लिया जायेगा। हालांकि अदालत सरकार की रिपोर्ट से संतुष्ट नजर नहीं आयी और कहा कि सरकार ने रिपोर्ट में यह खुलासा नहीं किया है कि मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिये क्या सुरक्षा उपाय किये जा रहे हैं?

## भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सेवा बहाल की : सूत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने करीब दो महीने के विराम के बाद कनाडाई नागरिकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वीजा सेवा बहाल कर दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सितंबर महीने में भारत और कनाडा के रिश्तों में उस समय तनाव पैदा हो गया था जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था।

भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' बताकर खारिज कर दिया था। कुछ दिन बाद भारत ने घोषणा की कि वह कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से निलंबित कर रहा है। उसने कनाडा से भारत में अपने राजनयिकों की संख्या कम करने को भी कहा था।

भारत ने कनाडा से यह भी कहा था कि वह अपनी धरती से गतिविधियां चला रहे आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करे।

सूत्रों ने बताया कि भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सेवा फिर से शुरू कर दी है।

## मुद्रास्फीति लक्ष्य पर अर्जुन की नजर बनाये हुये है : शक्तिकांत दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/वार्ता।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा किये गये नीतिगत उपायों से मुख्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय कमी आयी है लेकिन केन्द्रीय इसको लक्षित दायरे में लाने के लिए इस पर अर्जुन की नजर बनाये हुये है।

दास ने आज यहां फिक्की और आईबीए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'अनिश्चित समय में जीत' विषय पर 'एफआईबीएसी 2023' को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में आरबीआई की मौद्रिक नीति में विकास से पहले मुद्रास्फीति को प्राथमिकता देना, तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) को कम करना, नीतिगत दरों विशेषकर रेपो को बढ़ाना शामिल है। 250 आधार अंकों की अतिरिक्त तरलता को खत्म करना - सरकार द्वारा आपूर्ति पक्ष के उपायों के साथ, अक्टूबर 2023 में मुख्य मुद्रास्फीति को 4.9 प्रतिशत तक नरम करने में मदद मिली है। मुख्य मुद्रास्फीति में कमी उल्लेखनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा, हम पूरी तरह से 4 प्रतिशत लक्ष्य पर केंद्रित हैं और हम मुद्रास्फीति लक्ष्य पर अर्जुन की नजर बनाए हुए हैं। दास ने कहा कि हाल ही में घरेलू मुद्रास्फीति की उम्मीदों के और अधिक स्थिर होने के प्रमाण भी मिले हैं। हालाँकि, मुख्य मुद्रास्फीति, वैश्विक कारकों और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं से आने वाले आवर्ती और अतिव्यापी खाद्य मूल्य झटकों के प्रति संवेदनशील बनी हुई है। हाल के समय में ऐसे झटकों की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है। ऐसे परिदृश्य में मौद्रिक नीति को विकास का समर्थन करते हुए सतर्क रहने और सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति कम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2020-21 में 5.8 प्रतिशत के संकुचन से 2021-22 में 9.1 प्रतिशत और 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूती से उभरी। भारत की वास्तविक जीडीपी 2023-24 और 2024-25 दोनों में 6.5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगी।

## रेड कार्पेट



बुधवार को गोवा में फिल्म के गाला प्रीमियर के लिए 54वें आईएफएफआई में रेड कार्पेट पर फिल्म कड़क सिंह की कास्ट और क्रू।

## इजराइल-हमास अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत

### 50 बंधक रिहा होंगे, नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध जारी रहेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरुशलम/भाषा।** इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी।

समझौता लागू होने पर यह पहली बड़ी कूटनीतिक जीत होगी और सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध में विराम लगेगा। यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, ''हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।''

तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी। धुर दक्षिणपंथी ओत्जमा येहुदित पार्टी के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर सहित पार्टी के मंत्रियों ने इसके खिलाफ वोट किया। कैबिनेट की बैठक से पहले युद्ध कैबिनेट और सुरक्षा कैबिनेट की बैठक हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि गाजा में बंधक बनाई गईं 50 महिलाओं और बच्चों को चार दिनों में रिहा किया जाएगा, इस दौरान युद्ध विराम रहेगा। बयान में कहा गया है कि हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम अगले दिन के लिए बढ़ा दिया जाएगा। हालांकि इसमें रिहा किए जाने वाले फलस्तीनी कैदियों की संख्या का जिक्र नहीं है।

सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ''इजराइल की सरकार सभी बंधकों की घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध है।'' बयान के अनुसार, ''आज रात सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के पहले चरण की रूपरेखा को मंजूरी दे दी, जिसके अनुसार कम से कम 50 बंधकों (महिलाओं और बच्चों) को चार दिनों के लिए रिहा किया जाएगा। इस दौरान युद्ध में विराम रहेगा।

### इजराइल-हमास युद्ध विराम आज सुबह से शुरू होगा


**यरुशलम/एपी।** इजराइल-हमास युद्धविराम बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे प्रभावी होगा। मिस्र के सरकारी टीवी 'काहिरा' की खबर में यह जानकारी दी गई है। मिस्र ने चार दिवसीय युद्धविराम में मध्यस्थता करने में मदद की, जिससे दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर के हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाये गये कई बंधकों की रिहाई का रास्ता बनेगा। इसके तहत इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों के बदले में बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किए जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी।

## अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने इराक में हिज्बुल्ला को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किये

**वाशिंगटन/एपी।** गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के अभियानों के साथ-साथ अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने के जवाब में अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने इराक में हिज्बुल्ला के दो ठिकानों पर हवाई हमला किया। दो रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हिज्बुल्ला की ओर से अमेरिकी सैनिकों पर कम दूरी की बैलस्टिक मिसाइल दागी गई। अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को बगदाद के दक्षिण में अल अनबर और जुरफ अल सकर के पास दो कताइब हिज्बुल्ला संचालन केंद्रों पर हमला किया। जिस समय हमला किया गया, दोनों जगहों पर कताइब हिज्बुल्ला के जवान वहां मौजूद थे, लेकिन अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि हमले में कोई मारा गया है या नहीं। 17 अक्टूबर के बाद से इराक और सीरिया में अमेरिकी अड्डों पर आज तक, 66 बार हमले किये जा चुके हैं। 17 अक्टूबर को गाजा के एक अस्पताल में विस्फोट में बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे।



# कांग्रेस के हर झूठे वादे पर भारी है मोदी की गारंटी : मोदी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

डूंगरपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि 'कांग्रेस के हर झूठे वादे पर, मोदी की गारंटी भारी है।' उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। इसके साथ ही मोदी ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि राजस्थान में अब कभी भी अशोक गहलोत की सरकार नहीं बनेगी। मोदी सागवाड़ा (डूंगरपुर) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी कांग्रेस के हर झूठे वादों पर भारी है। गरीब कल्याण, जनकल्याण को लेकर जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। कांग्रेस ने दशकों के अपने शासनकाल में जो सोचा तक नहीं, वह सब बीते 10 साल में आपके सेवक ने देशवासियों के चरणों में समर्पित कर दिया।

मोदी ने कहा, आज मैं मावजी महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए एक भविष्यवाणी करने की हिम्मत कर रहा हूं। इस पवित्र धरती की ताकत है कि मेरे मन में यह विचार आया है और मैं मावजी महाराज से क्षमा मांग कर यह बोलने की हिम्मत कर रहा हूं... पूरे राजस्थान के लोग लिखकर रख लें... इस बार तो नहीं ... अब राजस्थान में कभी भी अशोक गहलोत की सरकार नहीं बनेगी। कभी भी नहीं। यह मावजी महाराज की धरती से बोले गए शब्द हैं। उन्होंने लोगों से कहा, लोकतंत्र ने आपको कुशासन वाली इस कांग्रेस सरकार को बदलने का मौका दिया है। इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना है। मोदी ने कहा, कांग्रेस का सूपड़ा साफ करो... राजस्थान को दंगों, अपराधों, बहनों-बेटियों पर अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्त करो। राजस्थान से कांग्रेस सरकार की विदाई इसलिए भी जरूरी है ताकि यहां केन्द्र सरकार की हर योजना तेजी से लागू हो।

### राजस्थान से कांग्रेस को मिलेगी बड़ी हार : मोदी

भीलवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में अत्याचार, भ्रष्टाचार और माफिया राज से मुक्ति के लिए कांग्रेस के सफाये ही जरुरत बताते हुए दावा किया है कि प्रदेश में बने माहौल से लग रहा है कि कांग्रेस की बड़ी हार होगी और अब कभी भी अशोक गहलोत मुख्यमंत्री नहीं बन पायेंगे। मोदी भीलवाड़ा के कोटड़ी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राजस्थान में इतनी बड़ी कांग्रेस को हार मिलने वाली है। इस बार बड़े बड़े दिग्गज भी बोरियां बिस्तर लेकर घर जाने को मजबूर हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सभा है या विजय सभा है, जहां जहां नजर पहुंच रही है लोग ही लोग दिखाई दे रहे है। इतनी बड़ी संख्या में माताएं बहने आशीर्वाद देने आती है तो समझ लेना चाहिए कि विजय निश्चित है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की टेक्सटाइल की छवि धूमिल हो गई है। कांग्रेस की नीति के कारण कई उद्योगों ने पलायन किया है।

# राजस्थान में मंत्री धारीवाल को पैसे 'लौटाने' की कोशिश करती महिला का वीडियो वायरल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में एक महिला के राज्य सरकार में मंत्री शांति धारीवाल को कथित तौर पर कुछ पैसे लौटाने की कोशिश करते हुए दिखाने वाले दो वीडियो सामने आए हैं, जिससे विवाद पैदा हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोटा में मंगलवार को चुनावी रैली में वीडियो का हवाला देते हुए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नकदी वोट खरीदने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली थी।

महिला को एक वीडियो क्लिप में यह कहते हुए सुना गया कि भैया ने उन्हें 25,000 रुपये दिए थे, जिस पर मंत्री के एक सहयोगी ने उसे रोका और कहा कि इस समय यह मुद्दा क्यों उठाया जा रहा है। बाद में, महिला का एक और वीडियो मंगलवार दोपहर सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें उसे यह स्पष्ट करते हुए सुना गया कि यह पैसा वोट के लिए नहीं था। इस वीडियो में वह यह कहती हुई सुनाई दी कि पैसा मंदिर के लिए मूर्तियां खरीदने के लिए था... उन्होंने हमें 25,000 रुपये दिए जबकि 25,000 रुपये और चाहिए थे। वोट के लिए पैसे नहीं दिए गए।




# अग्निपथ योजना लाकर देश की रक्षा करने के लाखों युवाओं के सपने तोड़ दिए गए : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि यह योजना लाकर, देश की रक्षा करने के लाखों युवाओं के सपने तोड़ दिए गए हैं। उन्होंने धौलपुर के राजाखेड़ा में एक चुनाव रैली में कहा अग्निपथ योजना क्यों आई.. क्योंकि नरेन्द्र मोदी जी ने आपके जीएसटी का पैसा आपकी जेब से निकाल कर सीधा अडाणी की जेब में डाल दिया और लाखों युवा, जो चार बजे सुबह उठते हैं.. देश की रक्षा करना चाहते हैं.. उनका सपना खत्म कर दिया.. उनका दिल तोड़ दिया।

राहुल गांधी ने दोहराया कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनते ही जाति जनगणना करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि देश में दलित, पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी वास्तविक जनसंख्या पता होना जरूरी है और इसके लिए जातीय जनगणना जरूरी है। राहुल गांधी ने कहा, सबसे बड़ा सवाल यह है कि आज इस देश में धन को कैसे बांटा जा रहा है.. धन किसके हाथ जा रहा है.. क्या सचमुच में हिन्दुस्तान का धन भारत माता की जनता के हाथ में जा रहा है या फिर भारत माता का धन चुने हुए लोगों के हाथ में जा रहा है ?

धौलपुर के राजाखेड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने संसद में केंद्र सरकार से जाति जनगणना कराने की मांग की लेकिन जिस दिन मैंने संसद में यह बात कही, उस दिन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण बदल गये। उन्होंने कहा पहले मोदी कहते थे कि वह ओबीसी हैं, लेकिन जब मैंने ओबीसी की आबादी का सवाल उठाया, उसके बाद से नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है.. वह है गरीब .. वोट लेने के लिये नरेन्द्र मोदी ओबीसी हो गए, मगर जब ओबीसी को भागीदारी देने का सवाल आया, उनकी आबादी पता लगाने की बात आयी तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश में ओबीसी हैं ही नहीं.. दलित हैं ही नहीं, आदिवासी हैं ही नहीं.. सामान्य वर्ग है ही नहीं.. सिर्फ एक जाति है और वह है गरीब।

कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने मन बना लिया है कि अगर राजस्थान में हमारी सरकार आयेगी तो पहला काम राजस्थान में जाति जनगणना कराने का होगा और जैसे ही दिल्ली में हमारी सरकार आयेगी, कांग्रेस पार्टी पूरे देश में जाति जनगणना करवाएगी। उन्होंने यह भी कहा, इधर उधर करने वाला नरेन्द्र मोदी, जेब काटने वाला अडाणी., और बाद में लाठी मारने वाला अमित शाह....।'

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की : अमित शाह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि उसने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और राजस्थान के 40 लाख युवाओं के साथ छल किया। विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाली के जैतारण में एक जनसभा में कहा,कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की, वहीं भाजपा ने डरे बगैर भारतीय संस्कृति का सम्मान किया।

सत्ता में आने पर प्रदेश के विकास को प्राथमिकता देने का वादा करने के साथ ही शाह ने आरोप लगाया कि राज्य की अशोक गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं।

उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान के 40 लाख युवाओं के साथ छल किया है। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

# विकास की दौड़ में पिछड़ा राजस्थान, तुष्टिकरण राज्य सरकार का मूल मंत्र : शिवराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि राज्य विकास की दौड़ में बुरी तरह पिछड़ गया है और तुष्टिकरण यहां की सरकार का मूल मंत्र है। चौहान चुनाव प्रचार के सिलसिले में इन दिनों जयपुर में हैं। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि राज्य में बहन और बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ है। तुष्टिकरण राजस्थान की सरकार का, मूलमंत्र रहा है , हिंदू त्याहारों पर धारा 144 लगा देना, शोभायात्राओं पर प्रतिबंध लगा देना, पूरा देश हैरान था कि कैसे उदयपुर में एक व्यक्ति की गर्दन काट दी गई। कांग्रेस ने राज्य को अपराधों का गढ़ बना दिया है।



उन्होंने कहा कि राजस्थान, विकास की दौड़ में बुरी तरह पिछड़ गया। भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया। चौहान ने कहा कि राजस्थान सरकार साढ़े चार साल रिसोर्ट में रही और अंतिम 6 महीने में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत निकलकर आए और घोषणाएं करनी शुरु कर दीं।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने जो कहा, वो किया। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में लाड़ली बहना योजना का उदाहरण दिया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि राजस्थान में कहते रहे, किया कुछ नहीं और इसलिए अब पूरा विश्वास है कि राजस्थान में भारी बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी फिर से लौट के आ रही है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोलते हुए चौहान ने कहा कि इनकी पुरानी गारंटी एक भी पूरी नहीं हुई, ना किसानों का कर्जा माफ हुआ , ना बेरोजगारों को भत्ता मिला, काठ की हंडी एक बार चढ़ती है बार-बार नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ये डरे हुए हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, अब भ्रष्टाचार में डूबी हुई कांग्रेस परेशान है। मोदी जी किसी भी भ्रष्ट और बेईमान को छोड़ेंगे नहीं, इससे डरकर ये ऊटपटांग टिप्पणीयां करते हैं।

# जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री का दोहरा चरित्र हो, जो दुष्कर्म की 56 प्रतिशत घटनाएं फर्जी बताएं वहां कैसे रहेगी नारी सुरक्षित : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में जिस प्रकार से दुष्कर्म की घटनाएं और अनैतिक काम हुए है उसमें मुख्यमंत्री जी का आशीर्वाद कैसे हो सकता है। मुख्यमंत्री दो मामलों में अलग-अलग निर्णय कैसे ले सकते है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने पक्ष के विधायकों को बचाने और विरोधी परिवारों को निपटाने के लिए किस प्रकार पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर अपनी दोहरी मानसिकता को जनता के सामने दर्शाया है। मारवाड के एक विधायक बच्ची के साथ




दुष्कर्म के बाद हनीट्रेप मामले में बचाव के लिए मुख्यमंत्री जी के पास जाते है और मुख्यमंत्री जी इस हाई प्रोफाईल मामले को दबाने के लिए इस प्रकार के आदेश देते है जिससे 7 दिनों तक वहां आई स्तर का अधिकारी बैठा रहता है और 400 पुलिसकर्मी बर्बरता पूर्वम कार्यवाही करते हुए लोगों को डराते धमकाते है और मारपीट कर सीडी जब्त कर लेते है। वहीं मुख्यमंत्री जी के पिछले कार्यकाल में भी एक सीडी आई थी जिसे अपने राजनीतिक विरोधी परिवारों को निपटाने के लिए वायरल कर दिया गया था।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि यदि कोई पत्रकार किसी मामले को उठाना चाहता है तो उसके हाथ-पैर तोड दिए जाते है या उसके उपर झूठे मुकदमें दर्ज किए जाते है।

यही स्थिति रही तो सरहद के जिलों में आपके जन प्रतिनिधि इस प्रकार की लड़कियों के वश में आकर सामरिक महत्व की चीजें भी दुश्मन राष्ट्र तक पहुंचा सकते है, क्या ऐसे समय में भी मुख्यमंत्री उनका सहयोग करेंगे? जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री का ऐसा दोहरा चरित्र है, जो दुष्कर्म की 56 प्रतिशत घटनाओं को फर्जी बताते है उस प्रदेश में नारी की सुरक्षा किस प्रकार हो पाएगी।



# जेपी नड्डा ने भाजपा की जनसभा में कांग्रेस पर खूब छोड़े शब्दबाण

## पांच साल के शासन में गहलोत ने राजस्थान को ग्रहण लगा दिया है और ग्रहण उतारने का दिन है 25 नवंबर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को राजस्थान के दौसा में पार्टी की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर खूब शब्दबाण छोड़े। उन्होंने कहा कि पांच साल के शासन में गहलोत ने राजस्थान को ग्रहण लगा दिया है और ग्रहण उतारने का दिन है 25 नवंबर। नड्डा ने कहा कि आज राजस्थान भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, किसानों का तिरस्कार, धाार्मिक तुष्टीकरण में नंबर एक पर है। राजस्थान में पिछड़ों और दङ्गलितों पर अत्याचार भी सबसे अधिक होता है। नड्डा ने आरोप लगाया कि जहां कांग्रेस है, वहां घोटाला है, भ्रष्टाचार है, अत्याचार है, ... लूट है, घपला है, छलावा है। जहां भाजपा है, वहां विकास है, तरक्की है, महिलाओं व किसानों का सम्मान है, युवाओं के लिए आगे बढ़ने का रास्ता है, दलितों को सबके साथ आगे बढ़ने का अधिकार है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने वादा किया था कि 10 दिन में हम किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। किसी का कर्जा माफ तो नहीं हुआ, लेकिन 19,400 किसानों की जमीन कुर्क हो गई।

नड्डा ने कहा कि मोदी ने रोजगार मेला लगाकर 6 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया। उनका वादा है कि आने वाले दो-तीन महीनों में 10 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इसके बाद नड्डा ने सीकर के दांतारामगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'विजय संकल्प सभा' में उमड़ी भीड़ राजस्थान में होने वाले परिवर्तन का उद्घोष है।




# मोदी मणिपुर नहीं गए लेकिन मैच देखने अहमदाबाद पहुंच गए : प्रियंका गांधी वाड्रा

जयपुर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी हिंसा प्रभावित मणिपुर नहीं गए लेकिन अहमदाबाद में क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मैच देखने पहुंच गए ताकि यदि हमारी टीम जीते तो कुछ श्रेय ले सकें।

प्रियंका गांधी वाद्रा ने शाहपुरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी वहां नहीं जाते जहां संकट होता है। उन्होंने कहा कि खुद को फकीर कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी के राज में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कैसे सबसे अमीर पार्टी बन गई।

उन्होंने कहा, मणिपुर भी हमारे देश का ही राज्य है। मणिपुर में सैंकड़ों गांव जला डाले गए, कितने बुरे बुरे हादसे हुए... कैसी-कैसी चीजें हुईं। मोदी जी ने वहां जाने का कष्ट किया? नहीं किया। उन्होंने कहा, हम विश्वकप फाइनल में पहुंचे। हमारी टीम अपनी मेहनत से फाइनल में पहुंची ... मोदी जी भी पहुंच गए। फट से पहुंचे। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी जी वहां पहुंचे कि यदि हम जीत जाएं तो उस जीत का श्रेय थोड़ा उनको भी मिल जाए। यदि हम जीतते तो सारी मीडिया बाजी करते, 'इवेंट' करते। मोदी जी इस तरह की चीजों में पहुंच सकते हैं जहां हमारा मान सम्मान बढ़ रहा हो, जहां हमारी टीम मेहनत कर रही है लेकिन जहां संकट होता है वहां नहीं पहुंचते।

उन्होंने सवाल किया, मोदी जी कहते हैं कि वे फकीर हैं तो इनके कार्यकाल में भाजपा सबसे अमीर पार्टी कैसे बन गई? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार ने बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया लेकिन गरीबों की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीयत ठीक नहीं, मोदी जी की नीयत ठीक नहीं।



# ईडी और सीबीआई भाजपा के चुनाव जीतने के हथियार : रमेश


अलवर/दक्षिण भारत। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव जीतने के लिए ध्रुवीकरण करने एवं ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। रमेश ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जहां भी चुनाव होते हैं वहां ये एजेंसियां कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई कर भाजपा का प्रचार करती हैं। जिसके तहत आज कांग्रेस की संपत्ति को अटैच किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रतिशोध की राजनीति करती है और चुनाव आते ही इसका दुरुपयोग शुरू कर दिया जाता है। उन्होंने भाजपा का चुनाव जीतने का दूसरा हथियार ध्रुवीकरण को बताते हुए कहा कि इसमें धर्म के आधार पर वोट मांगते हैं।



# मोदी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना पर वादा पूरा करने में विफल रहे : मनीष तिवारी

जयपुर/दक्षिण भारत। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के संबंध में वादा पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। तिवारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा प्रधानमंत्री ने 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जयपुर और अजमेर की सभाओं में राजस्थान के लिए अति महत्वपूर्ण और 13 जिलों के लिए पेजयल और सिंचाई के संबंध में आवश्यक ईआरसीपी को पूरा करने तथा उसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का वादा किया था।

उन्होंने कहा कि लेकिन राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के हार जाने और कांग्रेस पार्टी की 2018 में सरकार आने के कारण प्रधानमंत्री ने वादा खिलाफी करके राजस्थान की जनता के प्रति उपेक्षित रुख दिखाते हुए इस परियोजना को पूरा नहीं किया।



बेंगलूरु में बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने ज्ञानज्योति हॉल में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एनीमिया मुक्त पौष्टिक कर्नाटक कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए।

### मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछा

# गुजरात और देश में क्यों बढ़ रहा है कुपोषण ?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को कहा कि उन्हें जवाब देना चाहिए कि उनके गृह राज्य गुजरात और भारत में कुपोषण क्यों बढ़ रहा है।

सिद्दरामैया ने कहा कि मॉडल राज्य के रूप में गुजरात की प्रशंसा करने वालों को जवाब देना चाहिए कि प्रधानमंत्री के गृह राज्य में कुपोषण सूचकांक क्यों बढ़ रहा है। सिद्दरामैया ने कहा, जो लोग एक मॉडल राज्य के रूप में गुजरात की प्रशंसा करते हैं, उन्हें जवाब देना चाहिए कि गुजरात और देश में कुपोषण सूचकांक क्यों बढ़ रहा है। क्या यह पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है?

सिद्दरामैया राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम 'एनीमिया मुक्त पौष्टिक कर्नाटक'' का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कोई स्वस्थ रहे इसके लिए गरीबी और अशिक्षा की समस्या को सुलझाना होगा।उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार का लक्ष्य हर किसी के दरवाजे तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है।'' उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर और स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव से सरकार के उद्देश्य को पूरा करने और राज्य के बच्चों और सभी को बहुत 'स्वस्थ रखने' के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। राव ने कहा कि लोगों को एनीमिया के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है और वे इसे लेकर चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, हीमोग्लोबिन कम होने पर एनीमिया शुरू हो जाता है। इसका मुख्य कारण पोषण की कमी है। आयरन की कमी के कारण हीमोग्लोबिन कम हो जाता है। इससे हमारा शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। थकान के कारण इंसान की ऊर्जा कम हो जाती है।

मंत्री ने कहा कि सरकार कर्नाटक को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एनीमिया संज्ञानात्मक क्षमता को कम कर देता है और बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, समय समय पर, हम जागरूकता पैदा करेंगे और इसे रोकेंगे। 'एनीमिया मुक्त पौष्टिक कर्नाटक' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार करना है।

# जाति जनगणना के लिए विभिन्न समुदायों की मांगों पर विचार किया जाना चाहिए : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। जाति जनगणना को लेकर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने कहा कि पार्टी अपनी लाइन पर कायम है, लेकिन इसके लिए विभिन्न समुदायों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण की मांग पर विचार किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया द्वारा विवादास्पद जाति रिपोर्ट को स्वीकार करने की तैयारी की पृष्ठभूमि में यह बयान महत्वपूर्ण है। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से सत्तारूढ़ कांग्रेस में आंतरिक झगड़े भी होंगे। शिवकुमार ने इस संबंध में सौंपे गए ज्ञापन पर अपने हस्ताक्षर भी किए थे कि वर्तमान जाति जनगणना रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह कांग्रेस सरकार द्वारा जाति जनगणना को अस्वीकार करने का समर्थन करते हैं, शिवकुमार ने जवाब दिया, पार्टी का रुख जाति जनगणना के माध्यम से सामाजिक न्याय देना है। लेकिन, विभिन्न समुदायों से इस प्रक्रिया को वैज्ञानिक आधार पर संचालित करने की मांग है।

शिवकुमार ने कहा, कई समुदाय आनुपातिक आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अनुसूचित जाति पंचमसालिस वीरशैव और वोक्कालिगा सभी लड़ रहे हैं। ये मांगें पार्टी लाइनों से हटकर हैं। कुछ समुदायों ने कहा है कि जनगणना से पहले उनसे संपर्क नहीं किया गया है और इसलिए वे वैज्ञानिक जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने जाति जनगणना पर मुख्यमंत्री को भेजी गई याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं, शिवकुमार ने कहा, विभिन्न समुदायों के राजनेता इस मुद्दे पर एकजुट हो रहे हैं। इसी तरह मुझे समुदाय की टोपी पहननी होगी और समुदाय द्वारा आयोजित अराजनीतिक बैठकों में भाग लेना होगा। क्या यह गलत है?

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा था कि वह अपने रुख पर कायम हैं कि उनके पिछले कार्यकाल के दौरान आयोजित जाति रिपोर्ट के रूप में ज्ञात सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण को स्वीकार करने और उन समुदायों को न्याय प्रदान करने का उनका निर्णय है, जिन्होंने अवसर गंवा दिए हैं। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े ने कहा था कि वह 24 नवंबर को सरकार को रिपोर्ट सौंपने पर विचार कर रहे हैं। वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों ने जाति रिपोर्ट का खुलकर विरोध किया है और रिपोर्ट को खारिज करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है।



चंडीगढ़ में बुधवार को विधान सभा में पंजाब राज्य विधान सभा के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संदवान से कर्नाटक के विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने मुलाकात की और आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# कर्नाटक विधानसभा के शिष्टमंडल ने नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन प्रोजेक्ट की ली जानकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में पहली बार लागू किये नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन प्रोजेक्ट सम्बन्धी जानकारी हासिल करने के लिये पंजाब के दौरे पर आये कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां से मुलाकात की। शिष्टमंडल में कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर, कर्नाटक विधान परिषद सचिव के. आर. महालक्ष्मी, कर्नाटक विधान सभा सचिव एम. के. विशालाक्षी के अलावा कर्नाटक विधानसभा के निजी सचिव महेश कारजगी, सलाहकार ओम प्रकाश, कर्नाटक विधान परिषद की अतिरिक्त सचिव एस. निर्मला, निदेशक (आई. टी.) जे. ई. शशीधर, ओ. एस. डी. टू चेयरमैन विधान परिषद के. डी. शीला और चीफ़ एडीटर ऑफ डिबेटस एम. शशिकांत शामिल हैं।

पंजाब विधानसभा सचिवालय में हुई बैठक में अपने विचार रखते हुए श्री संधवां ने बताया कि पंजाब विधानसभा के समूचे कामकाज को कागज़ रहित कर दिया गया है और विधानसभा सत्रों का समूचा कामकाज पूर्ण तौर पर डिजिटल और पेपरलेस तरीके से हो रहा है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन ( नेवा) कान्फ्रेंस-कम-वर्कशाप करवा कर समूह विधायकों और प्रशासनिक सचिवों को नयी प्रणाली के अंतर्गत कामकाज करने का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि पंजाब विधानसभा के कामकाज को हाई-टेक बनाने और आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने के लिए डिजिटल इकाई स्थापित की गयी हैं। डिजिटल इकाई में आई. टी. प्रकोष्ठ, एन. आई. सी. प्रकोष्ठ, हाई टेक ट्रेनिंग रूम (नेवा सेवा केंद्र), हाई-टेक कंट्रोल रूम, नेटवर्क कंट्रोल रूम शामिल हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कि नेवा एप के प्रयोग से जहाँ सदन की कार्यवाही की लाइव वेबकास्टिंग से लोगों की भागीदारी बढ़ी है, वहीं पंजाब विधानसभा सचिवालय का कामकाज और भी आसान हुआ है। उन्होंने बताया कि सदन में पेपर भी इलेक्ट्रानिक विधि द्वारा पेश किये जा रहे हैं और विधानसभा सदस्यों और स्टाफ को कागज़ रहित सहूलियतें मिल रही हैं।

विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने इस अवसर पर कहा कि नेशनल ई विधान एप्लीकेशन एक समर्थ प्रणाली है, जिससे पंजाब विधानसभा की समूची कार्यप्रणाली संतोषजनक ढंग से चलती है। उन्होंने कहा कि हम पंजाब की तर्ज़ पर कर्नाटक विधानसभा में एक ऐसी व्यवस्था लागू करने के बारे सोच रहे हैं, जो हमारी ज़रूरतों और कार्यप्रणाली के अनुसार काम करे। उन्होंने कहा कि पंजाब विधानसभा से अहम जानकारी प्राप्त हुई है जो बेहद उपयोगी सिद्ध होगी।

## बुजुर्ग महिला की हत्या, पुलिस ने जताई रेप की आशंका

कलबुर्गी/दक्षिण भारत । कर्नाटक के कलबुर्गी जिले से एक बुजुर्ग महिला ज्योतिषी की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना को लेकर संदेह जताया है कि महिला की हत्या से पहले उसके साथ बलात्कार किया गया। महिला की पहचान रत्ना बाई (65) के रूप में हुई है और यह घटना कलबुर्गी शहर की संतोष कॉलोनी में मंगलवार देर रात हुई।

जांच शुरू कर चुकी आरजे नगर पुलिस के अनुसार, पीड़िता एक शेड में अकेली रहती थी और उसकी तेज धार वाले हथियार से हत्या की गई। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इस कृत्य को एक से अधिक लोगों ने अंजाम दिया है। पुलिस को यह भी संदेह है कि उसके जानने वाले लोगों ने ही इस अपराध को अंजाम दिया।

# बेंगलूरु 25-26 को 'कंबाला' दौड़ के आयोजन के लिए तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तटीय कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाली भैंसा दौड़ 'कंबाला' के लिए इस बार बेंगलूरु में मंच तैयार है, जो 25 और 26 नवंबर को यहां 'पैलेस ग्राउंड' में आयोजित होगी।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयोजकों ने कीचड़ भरे ट्रैक पर होने वाली रोमांचक दौड़ 'कंबाला' के साथ ही कार्यक्रम के दौरान राज्य की राजधानी में संपूर्ण तटीय 'कर्नाटक संस्कृति'' की झलक पेश करने क भी निर्णय किया है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रकाश शेट्टी ने संवाददाताओं से कहा, कासरगोड से मारवंते समुद्र तट तक फैले 'तुलुनाडु' से कंबाला दौड़ को बेंगलूरु लाना हमारी प्रतिबद्धता और सपना था। हम आपके लिए तटीय कर्नाटक की संस्कृति, व्यंजन और विरासत भी साथ ला रहे हैं।



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को 'कंबाला दौड़' का आमंत्रण देते हुए कंबाला समिति के सदस्य।

उन्होंने कहा कि तटीय कर्नाटक का समुदाय 'कंबाला' को दुनिया के सामने प्रदर्शित करना चाहता है। शेट्टी ने कहा कि कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले भैंसों के 139 जोड़े तटीय क्षेत्र से बेंगलूरु के लिए रवाना हो गए हैं।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, फिल्म अभिनेता स्व. पुनीत की धर्मपत्नी अश्विनी पुनीत राजकुमार को कंबाला का आमंत्रण दिया और कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया।

# तमिल अभिनेत्री तृषा के बारे में टिप्पणी को लेकर अभिनेता मंसूर अली खान के खिलाफ प्राथमिकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। अभिनेत्री तृषा कृष्णन के खिलाफ टिप्पणियों के लिए अभिनेता मंसूर अली खान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। तमिलनाडु पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग से मिली शिकायत के आधार पर 21 नवंबर को थाउजेंड लाइट महिला थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (ए) (यौन उत्पीड़न-यौन टिप्पणी करना) और 509बी (महिला का शील भंग करना) के तहत खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि अभिनेता की अशोभनीय टिप्पणियों से संबंधित एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला का शील भंग करने की मंशा दिख रही है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने 'एक्स' पर लिखा था, राष्ट्रीय महिला आयोग अभिनेत्री तृषा कृष्णन के बारे में की गई अभिनेता मंसूर अली खान की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर काफी चिंतित है। हम इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए डीजीपी को आईपीसी की धारा 509 बी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दे रहे हैं। ऐसी टिप्पणियां महिलाओं के खिलाफ हिंसा को सामान्य बनाती हैं और इनकी निंदा की जानी चाहिए।

# कर्नाटक सरकार अगले सप्ताह बोर्डों और निगमों में नियुक्तियों को अंतिम रूप देगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस अगले सप्ताह एक और दौर की चर्चा के बाद विभिन्न बोर्डों और निगमों में नियुक्तियों को अंतिम रूप देगी तथा फिर सूची को अनुमोदन के लिए पार्टी आलाकमान के पास भेजा जाएगा।

कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ इस विषय पर मंथन किया।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, आज भी उन्होंने (सुरजेवाला ने) चर्चा की है। हममें से कुछ नेता भी उनसे बात कर रहे हैं। हमने कुछ वरिष्ठ नेताओं और विधायकों की राय मांगी है। वह 28 नवंबर को फिर से आ रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री (सिद्दरामैया) और मैं चुनाव प्रचार के लिए तेलंगाना जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला चुनाव प्रचार के बाद 28 नवंबर को शहर वापस आएंगे , जिसके बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा और फिर दिल्ली भेजा जाएगा।

सिद्दरामैया ने संकेत दिया था कि विभिन्न वैधानिक बोर्डों और निगमों में नियुक्तियां चरणों में की जाएंगी , जिनमें पहले मौजूदा विधायकों और एमएलसी की नियुक्तियां होंगी और फिर कार्यकर्ताओं और पूर्व विधायकों को स्थान मिलेगा।

शिवकुमार ने इन अटकलों को खारिज कर दिया कि गृह मंत्री जी परमेश्वर अपने कुछ समर्थकों को बोर्ड और निगम नियुक्तियों की संभावित सूची में शामिल न किए जाने से नाराज हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सब ''अनावश्यक अटकलें'' हैं और पार्टी पूरी तरह एकजुट है। शिवकुमार ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा भाजपा सत्ता में रहते हुए क्या ऐसा (नियुक्तियां) नहीं करती ? हम कम से कम अब नियुक्तियां कर रहे हैं , उन्होंने कब किया ? वे अनावश्यक रूप से टिप्पणी कर रहे हैं। वे चार मंत्री पद भी नहीं भर सके और उन्हें खाली रखा।

भाजपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, सिद्दरामैया सरकार, जो व्यवस्थित तरीके से फोन पर तबादला कारोबार (पोस्टिंग के लिए नकद) का प्रबंधन करती है, अब तक बोर्डों और निगमों के पदों की नीलामी का इंतजार कर रही थी। सुरजेवाला अब आए हैं और पदों की नीलामी की प्रक्रिया पर चर्चा कर रहे हैं।

### स्वागत



मंगलुरु में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा पूर्व अध्यक्ष नलिनकुमार कतील का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

# एचएएल ने नए बैच के लिए 30 हजार अभ्यर्थियों में से चुने सिर्फ 139 प्रशिक्षु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अपने नए बैच के लिए 30 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों में से 139 प्रशिक्षुओं को चुना है। कंपनी के बेंगलूरु स्थित मुख्यालय ने यह जानकारी दी। एचएएल ने बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में प्रबंधन और डिजाइन प्रशिक्षुओं (एमटी और डीटी) के 46वें बैच को शामिल किया।

यह बैच एचएएल प्रबंधन अकादमी के 52-सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौर वैमानिकी, उत्पादन, विद्युतीय, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, वित्त, मानव संसाधन और कानून जैसे विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण ग्रहण करेगा।

एचएएल ने एक बयान में कहा, '30 हजार से अधिक अभ्यर्थियों में से 139 प्रशिक्षुओं को चुना गया है।' कार्यक्रम के दौरान एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) (अतिरिक्त प्रभार) सी. बी. अनंतकृष्णन ने तकनीकी और प्रबंधकीय विषयों पर सात हैंडबुक जारी कीं।

# 'कांग्रेस के झूठ के बहकावे में नहीं आएं'

### भाजपा नेता येडीयुरप्पा ने चुनावी राज्य तेलंगाना में कहा

बेंगलूरु/हैदराबाद/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येडीयुरप्पा ने बुधवार को कांग्रेस पर कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद चुनाव पूर्व किए अपने पांच वादों को पूरा नहीं कर राज्य के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।



कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के लोगों से कांग्रेस पार्टी के 'झूठ और खोखले वादों' के बहकावे में नहीं आने की अपील की। चुनाव प्रचार के लिए तेलंगाना पहुंचे येडीयुरप्पा ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक मॉडल' अन्य राज्यों में कांग्रेस का चुनावी मॉडल है। कांग्रेस ने इस साल मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मतदाताओं से पांच गारंटी का वादा किया था।

येडीयुरप्पा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में चुनाव जीतने के बाद अब कांग्रेस तेलंगाना और अन्य चुनावी राज्यों में 'कर्नाटक मॉडल' बेच रही है। उन्होंने कहा, पार्टी ने चुनाव जीतने के बाद वास्तव में कर्नाटक के लोगों को धोख दिया है क्योंकि उसकी सरकार गारंटी योजनाओं को लागू करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में छह गारंटी योजनाएं हें जो सिर्फ राज्य के मतदाताओं को धोखा देने के लिए है। मैं तेलंगाना के लोगों से अपील और अनुरोध करता हूं कि वे कांग्रेस पार्टी के झूठ और खोखले वादों के झांसे में नहीं आएं।

# सीमा से अधिक बच्चों को वाहन में ले जाने के 994 प्रकरण दर्ज

बेंगलूरु। बेंगलूरु ट्रॉफिक पुलिस ने विशेष क्रम के तहत स्कूल के विद्यार्थियों को ले जाने वाले वाहनों की जांच की। गत दो दिनों में 2050 वाहनों की पुलिस ने शहर में विभिन्न जगहों पर जांच की। जिसमें 319 स्कूल बसें, 122 ऑटो रिक्शा, 123 ओमनी वैन, 332 वैन और 88 अन्य वाहनों की पुलिस ने जांच की। जिसमें सीमा से अधिक बच्चों का परिवहन करने के 994 प्रकरण दर्ज किए।

## सुविचार

**जरूरी नहीं है कि मिठाई खिलाकर ही हम दूसरो का मुँह मीठा करे, कुछ मीठा बोलकर भी हम लोगों को खुशियाँ दे सकते है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मानवता के विरुद्ध अपराध

मानवाधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने चीन के बारे में जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय होनी चाहिए। अब तक तो यही पढ़ने–सुनने में आया था कि चीन शिंजियांग में धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहा है, लेकिन उसका अत्याचार यहीं तक सीमित नहीं है। वह शिंजियांग के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त है, जो 21वीं सदी में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं हैं। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' के इस खुलासे पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि चीन शिंजियांग से बाहर अन्य क्षेत्रों में मस्जिदों को बंद करने की कार्रवाई कर रहा है। चूंकि वह ऐसी गतिविधियां करता रहा है। उसका रिकॉर्ड पहले ही खराब है। आश्चर्य की बात तो यह है कि पाकिस्तान, ईरान समेत कई देश उसकी हरकतों पर मौन साधे हुए हैं। वहां चीन के खिलाफ कोई जुलूस नहीं निकालता, कोई अख़बार इस पर संपादकीय लिखने का साहस नहीं जुटा पाता। निस्संदेह हर व्यक्ति को अपनी आस्था के अनुसार पूजा–प्रार्थना का अधिकार होना चाहिए, लेकिन चीन इसे नहीं मानता। वहां सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी हर धार्मिक स्थल पर कड़ी नजर रखती है। कहा जाता है कि वहां आने वाले श्रद्धालुओं में से ही कुछ लोग कम्युनिस्ट पार्टी के गुप्त एजेंट होते हैं, जो समय–समय पर अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजते रहते हैं। जब उन्हें लगता है कि कोई व्यक्ति धर्म के कारण लोकप्रिय हो रहा है और वह भविष्य में कम्युनिस्ट पार्टी के लिए चुनौती खड़ी कर सकता है, तो उसे 'नियंत्रित' करने के उपाय ढूंढ़े जाते हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकारी किसी धार्मिक स्थल की वास्तुकला के संबंध में भी बेहद 'सतर्क' रहते हैं। उस स्थल के निर्माणकर्ताओं को इस बात का ध्यान रखना होता है कि इमारत चीनी वास्तुकला के अनुसार ही बने। अरब, यूरोपियन, अमेरिकन या किसी अन्य विदेशी वास्तुकला को देखकर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की वक्र दृष्टि हो गई तो उसके बाद उस स्थल का बनना संभव नहीं है।

उत्तरी निंशिआ और गांसू प्रांत में ऐसी कई मस्जिदें हैं, जो 'हुई मुसलमानों' के लिए आस्था का केंद्र हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 'निर्देशों' के बाद इन लोगों से बहुत अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। शिंजियांग को लेकर तो चीन की दुनियाभर में खूब किरकिरी हो चुकी है, लेकिन उसके रवैए में कोई सुधार नहीं आया। आज भी लाखों उइगर अल्पसंख्यक अवैध ढंग से कैद में हैं। शिंजियांग के बारे में संयुक्त राष्ट्र की पिछले साल की एक रिपोर्ट पढ़कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं, जिसके अनुसार, चीन ने वहां 'मानवता के विरुद्ध अपराध' किए हैं। उसने गैर–न्यायिक नजरबंदी शिविरों के नेटवर्क का निर्माण किया है। इन शिविरों में दस लाख उइगर, हुई, कजाक और किर्गिज लोग कैद हैं। चीन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ा चुके प्रोफेसर की मानें तो शी जिनपिंग के नेतृत्व में शिंजियांग पर शिकंजा कसता ही जा रहा है। वहां खास तरह के मजहबी नाम रखने, खास तरह के कपड़े पहनने पर पाबंदी है। यही नहीं, चीन हर अल्पसंख्यक परिवार पर नजर रखने के लिए तकनीक का सहारा ले रहा है, जिसके तहत घर के बाहर क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। ऐसे कोड को स्कैन करने के बाद सरकारी अधिकारियों को परिवार के बारे में पूरी जानकारी मिल जाती है। उन्हें इस बात का भी पूरा अधिकार होता है कि जब चाहें, किसी व्यक्ति / परिवार से पूछताछ करें। उस इलाके में किसी के यहां मेहमान आता है तो उसके बारे में अधिकारियों को सूचना देनी होती है। अगर यह कहा जाए तो ग़लत नहीं होगा कि चीन ने तिब्बत के बाद शिंजियांग को एक जेल बना रखा है, जहां उसके अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। विश्व समुदाय को न केवल इसकी निंदा करनी चाहिए, बल्कि चीन के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। आर्थिक व सैन्य दृष्टि से मजबूत, बेकाबू चीन पूरी दुनिया के लिए खतरा है।

## ट्वीटर टॉक



आज कांग्रेस गारंटी यात्रा के तहत गारंटियों के गुलदस्ते के साथ सोजत पहुंचा। इस दौरान जनता से इन क्षेत्रों के कांग्रेस प्रत्याशियों निरंजन आर्य , सुरेन्द्र गोयल ी, भीमराज भाटी , हरिशंकर मेवाड़ा को विजय तिलक लगाने का अनुरोध किया।

**–अशोक गहलोत**



हम संकल्प पत्र में जिन घोषणाओं के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं, उससे भाजपा की जीत होना तय है। भाजपा प्रत्याशी श्री राजकुमार रिणवां जी के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह भाजपा की होने वाली जीत की गवाही दे रहा है।

**–राजेन्द्र राठौड़**



मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से कहा, राजस्थान की क्रांतिकारी चिरंजीवी योजना में छ25 लाख तक के मुफ़्त इलाज की राशि और बढ़ा देनी चाहिए। आज, इसे बढ़ा कर 50 लाख के मुफ्त इलाज की, भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बना दिया गया।

**–राहुल गांधी**

## प्रेरक प्रसंग

# नेकी का साथ

एक सेठ की दुकान पर हरिया नाम का नौकर काम करता था। हरिया दिल का बड़ा दयालु और नेक था। वह सभी की तन–मन–धन से सहायता करता था। सेठ जी को यह बातें बड़ी अजीब लगती थी। सेठ ने उसे कई बार समझाया लेकिन वह हर बात हंस कर टाल देता। सेठ ने उसको समझाने के लिए एक डंडा दिया और कहा कि इस डंडे को सबसे मूर्ख व्यक्ति को देना। हरिया ने वह डंडा अपने घर संभाल कर रख लिया, उम्र बीतने के पश्चात सेठ एक बार गंभीर रूप से बीमार हुआ।

सेठ ने हरिया को कहा कि तू बड़ा सेवादार है। तू मेरे साथ चल। हरिया ने कहा सेठ जी! इंसान अकेला आया है, अकेला ही जाएगा। यदि आप अपनी कमाई में से कुछ पैसे गरीब या जरूरतमंद के लिए खर्च करते तो आपका अंतिम समय बहुत अच्छा रहता। लेकिन आपने सदैव धन–दौलत से ही प्रेम किया। जरूरतमंदों की दुआएं आपने कभी नहीं ली। सदा उनका शोषण ही किया है। तो ये डंडा आप ही संभालें, मुझे आप से ज्यादा मूर्ख कोई नहीं मिला। हरिया की बात सुनकर सेठ के पास पछतावे के सिवा कुछ नहीं था।

## सामयिक

# बढ़ते हुए तलाक कर रहे सामाजिक ताने-बाने ख़ाक

प्रियंका सौरभ
मोबाइल : 7015375570



भारत में, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, उच्च तलाक दरों की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक और शैक्षणिक रुचि का विषय बन गई है। तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों से हटकर, सामाजिक ताने–बाने में बदलाव का संकेत दे रहा है इसलिए इसके कारणों की गहन जांच की आवश्यकता है। शहरों में संयुक्त से एकल परिवारों में परिवर्तन के कारण विस्तारित परिवारों की संख्या कम हो गई है। हाल के वर्षों में, भारत में तलाक के मामलों में उल्लेखनीय और तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो सामाजिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक मानदंडों में उल्लेखनीय बदलाव को दर्शाता है। परंपरागत रूप से, भारत पारिवारिक मूल्यों और विवाह की पवित्रता पर ज़ोर देने के लिए जाना जाता है। हालाँकि, कई कारकों ने बदलती गतिशीलता में योगदान दिया है, जिससे देश भर में तलाक की दर में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पारिवारिक संरचनाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है। समाजशास्त्रीय अध्ययनों ने शहरी भारतीय परिवारों में बढ़ते व्यक्तिवाद पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है।

पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव, वैश्वीकरण और मीडिया की पहुँच ने शहरी भारतीयों को विवाह और तलाक पर विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित कराया है। गौरतलब है कि पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति–पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन–पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन–पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है।

सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स ने शहरी भारत में संबंधों की गतिशीलता को बदल दिया है। सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से पति–पत्नी के बीच विश्वास संबंधी समस्याएं, ईर्ष्या और गलतफहमियां पैदा हो रही हैं। व्हाटसएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जिस तेजी से लोगों के बीच अंतरंगता बढ़ी है। उसी तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म विवाह विच्छेद और तलाक की वजह भी बन रहे हैं। स्थिति यह है कि महानगरों में डिवोर्स के हर 10 प्रकरण में से 4 की वजह सोशल मीडिया के कारण पति–पत्नी की अन्य लोगों से बढ़ी अंतरंगता और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं।

पति–पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो सकती हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन सकती हैं। जनम–जनम के रिश्तों में दूरियां और कड़वाहट पैदा कर रहा सोशल मीडिया, रोक–टोक मियां और बीवी को मंजूर नहीं है। उच्च तनाव वाली शहरी जीवनशैली ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान दिया है, जिससे वैवाहिक स्थिरता पूर्ण जीवन प्रभावित हुआ है। इंडियन साइकाइट्री सोसाइटी सहित अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में पहले की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पारिवारिक गतिशीलता को प्रभावित कर रही है।

पति–पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो रही हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन रही हैं। शराब जैसे मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या घरेलू हिंसा और विवाहों में अस्थिरता को जन्म दे रही है। कैरियर की अलग–अलग आकांक्षाएं और नौकरी में स्थानांतरण भागीदारों के बीच शारीरिक दूरी पैदा कर सकता है, जिससे रिश्ते में तनाव पैदा हो रहा है। अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे किसी व्यक्ति की स्वस्थ विवाह को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर रहें हैं। विवाह के भीतर पारंपरिक लिंग भूमिकाएं और अपेक्षाएं असमानता और असंतोष का कारण बन रही हैं, खासकर जब एक साथी विशिष्ट जिम्मेदारियों से अधूरा या बोझ महसूस करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के फलस्वरूप शहरों में अधिकांश महिलाएं करियर बना रही हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और विवाह के पश्चात असंतोषजनक जीवन से बाहर निकलने की प्रेरणा मिल रही है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और शहरीकरण ने पारंपरिक पारिवारिक संरचना को बदल दिया है। जैसे–जैसे लोग बेहतर अवसरों के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं, उन्हें आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बिठाने में अक्सर नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे विवाह में तनाव आ सकता है। आर्थिक दबाव, नौकरी का तनाव और कार्य–जीवन संतुलन की कमी के कारण पति–पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं।

भारत के महानगरीय क्षेत्रों में तलाक की दरों में वृद्धि सांस्कृतिक, आर्थिक और कानूनी कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया को प्रदर्शित करती है। यह भारतीय समाज में एक संक्रमणकालीन चरण को दर्शाता है जहां व्यक्तिगत आकांक्षाओं को तेजी से मान्यता दी जा रही है। यह प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों को चुनौती देते हुए, सामाजिक विकास और समकालीन मूल्यों और व्यक्तिगत कल्याण के साथ विवाह के बेहतर तालमेल के रास्ते भी खोलती है। इस मुद्दे के लिए एक सूक्ष्म समझ और सहायक नीति ढांचे की आवश्यकता है जो आधुनिक रिश्तों की बदलती गतिशीलता को पूरा करे। भारत में तलाक के मामलों में भारी वृद्धि को सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बदलते दृष्टिकोण, कानूनी सुधार और सामाजिक कलंक में कमी के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जैसे–जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैवाहिक संबंधों की गतिशीलता में और अधिक बदलाव आने की संभावना है। जोड़ों को उनके मुद्दों का समाधान करने और जब भी संभव हो तलाक के विकल्प तलाशने में मदद करने के लिए सहायता प्रणाली और परामर्श सेवाएं प्रदान करना समाज के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, अंतर्निहित सांस्कृतिक मानदंडों को संबोधित करने और लैंगिक समानता में सुधार करने के प्रयास भविष्य में स्वस्थ और अधिक टिकाऊ विवाहों में योगदान दे सकते हैं।

## मुद्दा

# मोदी को पनौती बोलकर राहुल ने भाजपा की मुराद पूरी की

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

कांग्रेस के युवराज राहुल गाँधी ने एक बार फिर अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पनौती कहकर सम्बोधित किया है। राजस्थान विधान सभा के चुनाव 25 नवंबर को होने जा रहे है, ऐसे में मोदी के खिलाफ नेगेटिव कॉमेंट कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकता है। राहुल गांधी ने झच का मतलब 'पनौती मोदी' बोल कर भाजपा की मुराद पूरी कर दी है। राजस्थान में कांग्रेस के प्रचार के दौरान क्रिकेट वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की हार के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदार बताते हुए राहुल गांधी बता रहे हैं, 'पीएम का मतलब पनौती मोदी। उल्लेखनीय है पनौती हमेशा निराशाजनक और बुरे वक्त के लिए उपयोग किया जाता है। पनौती का मतलब अशुभ और अपशकुन होता है।

राहुल अपनी हर चुनावी सभाओं और देश विदेश की यात्रा के दौरान अडानी पर हमला बोलते हुए मोदी से सांठ – गांठ का आरोप लगाते रहे है। मतदाताओं पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका राजनीतिक समीक्षक व्यक्त कर रहे है। मोदी पर राहुल और कांग्रेस की तरफ से किया गया ऐसा कॉमेंट कांग्रेस पार्टी पर भारी पड़ता रहा है। बीजेपी चुनाव में इस बात को मुद्दा बना सकती है। इससे पूर्व मणिशंकर अय्यर ने मोदी पर अभद्र कमेंट किया था तब कांग्रेस ने पल्ला झाड़ते हुए अय्यर को निलंबित कर दिया था। उस समय 2017 का गुजरात विधानसभा चुनाव चल रहा था। इसी तरह कांग्रेस कैंप से मोदी के प्रधानमंत्री रहते और सीएम रहते कई टिप्पणियां की गई थीं, जो पार्टी के खिलाफ ही गईं। इस बार भी भाजपा ने तीखा हमला बोलते हुए राहुल गांधी से इस टिप्पणी के लिए माफी की मांग की है।राहुल लगातार मोदी पर हमलावर रहे है। दुनिया भर के दिग्गज नेता दिल्ली में आयोजित जी–20 में शामिल होकर जहाँ भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में खुलकर सराहना कर रहे थे, वहां कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर देश और मोदी के खिलाफ जहर उगल रहे थे । उस वक्त पूरी दुनिया की नजर भारत पर थी । राहुल इन दिनों ये दावा करते रहते हैं कि वो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। मगर उनका आचरण इसके ठीक विपरीत रहा है। भाजपा नेताओं का आरोप है राहुल महोब्बत की दुकान की बात जरूर करते है मगर असल में देश में नफरत फैलाने का काम करते है।

राहुल गाँधी अपने देश के पीएम नरेंद्र मोदी के बहाने देश के लोकतंत्र पर हमला बोलते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । चीन की तरफदारी कर राहुल देश को ही कटघरे में खड़ा करते रहे है । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है। वे यह भी कहते है भारत एक राष्ट्र नहीं है। जब से कांग्रेस देश की सत्ता से बाहर हुई है तब से उनकी हालत बिन पानी मछली सी हो रही है। धीरे धीरे कांग्रेस लगातार अपना वजूद खोती जा रही है मगर सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला।

मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये जनाब। राहुल देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर अपनी बात कहे और इन मुद्दों पर मोदी और सरकार की जमकर आलोचना करें यह समझ में आने वाली है मगर भारत की तुलना पाक और श्री लंका से करें तो देशवासियों का चिंतित होना लाज़िमी है। राहुल ने अनेक बार चीन की चर्चा करते हुए देश की अस्मिता पर भी हमला बोला। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है, अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है।

## चिंतन

# क्यों भारत चाहता है बांग्लादेश में शेख हसीना की वापसी?

आर.के. सिन्हा

पड़ोसी देश बांग्लादेश में 12वां संसदीय चुनाव 7 जनवरी, 2024 को होगा और जाहिर तौर पर भारत की इन चुनावों पर करीबी नजर रहने वाली है। बांग्लादेश में नई संसद के चुनाव की घोषणा के साथ ही स्वाभाविक रूप से राजनीतिक तनाव और उपद्रव भी शुरू हो गए हैं। प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात–ए–इस्लामी ने मांग की है कि चुनाव एक गैर–पार्टी अंतरिम सरकार की निगरानी में हों। इसके नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की तो चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हर संभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित है।

भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी–20 का सदस्य देश तो नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी–20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना है कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया था। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो अपने दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निवार्सित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति डॉ.एम.ए.वाजेद मियां और उनके दोनों बच्चे भी थे। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब–उर–रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था ढाका में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना



अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शऱण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां पर उनके पिता शेख मुजीब–उर–रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। शेख मुजीब उर रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थीं। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। उनका हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। उन्होंने कोलकाता के मौलाना आजाद कॉलेज से कानून की पढ़ाई की थी और वहां पर ही वे छात्र राजनीति में शामिल हुए थे।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत–बांग्लादेश संबंध वर्तमान समय में ठीक दिशा में बढ़ रहे हैं। सन 1947 में धर्म के नाम पर पाकिस्तान बना और 1972 में पाकिस्तान टूटा। उस टूट से निकला बांग्लादेश। पाकिस्तान में एक वर्ग बांग्लादेश से इस आधार पर नाराज रहता है कि उसने टू नेशन थ्योरी' को गलत साबित कर दिया। जो कभी एक थे, उनमें से एक की राह अलग है, शेष दो से। वर्तमान में पाकिस्तान के भारत और बांग्लादेश दोनों से ही संबंध बेहद ही तनावपूर्ण चल रहे हैं। कमोबेश सांकेतिक राजनयिक संबंधों के अलावा भारत और बांग्लदेश ने पाकिस्तान से दूरियां बनाई हुई हैं। बांग्लादेश फूटी नजर से भी नहीं देखता पाकिस्तान को। बांग्लादेश ने 1971 के नरसंहार के गुनाहगार और जमात–ए–इस्लामी के नेता कासिम अली को कुछ साल पहले फांसी पर लटकाया था। इस पर पाकिस्तान ने आपत्ति जताई। बांग्लादेश ने दो टूक शब्दों में सुना दिया था कि वह पाकिस्तान की ओर से उसके आतंरिक मसलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों मुल्कों के संबंधों में तल्खी को समझने के लिए गुजरे दौर के पन्नों को पलटना ठीक रहेगा।

शेरे–ए–बंगाल कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के मशहूर नेता ए.के.फजल–उर– हक ने 23 मार्च, 1940 को लाहौर में मुस्लिम लीग के सम्मेलन में पृथक राष्ट्र पाकिस्तान का प्रस्ताव रखा था। उस तारीखी सम्मेलन में संयुक्त बंगाल के नुमाइंदों की बड़ी भागेदारी थी। वे सब भारत के मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र की मांग कर रहे थे। सात साल के बाद 1947 में पाकिस्तान बना और फिर करीब 25 बरसों के बाद खंड–खंड हो गया। ईस्ट पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सामने आया। यानी पाकिस्तान से एक और मुल्क निकला। अब दोनों एक–दूसरे की जान के प्यासे हो गए हैं। 1971 में जिस नृशंसता से पाकिस्तानी फौजों ने ईस्ट पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के लाखों लोगों का कत्लेआम किया था, उसको लेकर ही दोनों मुल्क लगातार आमने–सामने रहते हैं। युद्ध संवाददाता के रूप में स्वयं नृशंसता का साक्षी रहा हूँ ख शेख हसीना बांग्लादेश में उस कत्लेआम के गुनाहगारों को लगातार दंड दे रही हैं। कासिम को फांसी उसी कत्लेआम में शामिल होने के चलते मिली। जरा देखिए कि यह बात पाकिस्तान को गले नहीं उतर रही। याद रख लें कि शेख हसीना के रहते तो पाकिस्तान को बांग्लादेश घास डालने वाला नहीं है। बहरहाल, भारत की चाहत है कि शेख हसीना बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले हमलों पर भी रोक लगाए। उन्हें भी सम्मान पूर्वक स्वतंत्र जीवन यापन का अधिकार सुरक्षित करवायें ख आपको याद होगा कि बांगलादेश में पिछले आम चुनावों में शेख हसीना की विजय के बाद भी अल्पसंख्यकों पर हमले तेज हो गए थे। राजशाही, जौसोर, दीनाजपुर वगैरह शहरों में हिन्दुओं पर बहुत हमले हुए थे। शेख हसीना का आगामी आम चुनाव के बाद भी देश का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय है। उन्हें भारत के साथ संबंधों को मजबूती देते हुए अपने देश के हिन्दुओं के हितों का ध्यान देना होगा।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## गोवा के मुख्यमंत्री ने अभिनेता सलमान खान की मेजबानी की

पणजी/भाषा। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यहां अपने आधिकारिक आवास पर बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की मेजबानी की। सलमान मंगलवार को मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। अभिनेता, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 में शामिल होने से पहले गोवा में भारतीय जनता पार्टी के विधायक माइकल लोबो के साथ मुख्यमंत्री सावंत से मिले।

सलमान खान अपनी भांजी अलिजेह अग्निहोत्री की फिल्म 'फर्रे' का प्रचार कर रहे हैं। सावंत ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 54वें संस्करण के अवसर पर महालक्ष्मी अल्तिन्हो, पणजी में सुपरस्टार सलमान खान की मेजबानी करने पर प्रसन्नता हुई।''

### हस्ताक्षर



नई दिल्ली में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी, जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल नई दिल्ली में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और अमेज़ॅन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (अमेज़ॅन) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के गवाह बने।

## अभिनेता समीर कोचर, करिश्मा तन्ना के पति वरुण बंगेरा से बिल्डर ने 'धोखाधड़ी' की

मुंबई/भाषा

मुंबई पुलिस ने अभिनेता समीर कोचर और अभिनेत्री करिश्मा तन्ना के पति वरुण बंगेरा से दो फ्लैट के लिए अग्रिम भुगतान लेने के बाद कथित तौर पर एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक बिल्डर दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोचर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर प्रोनित नाथ और उनकी पत्नी अमीषा नाथ के खिलाफ अंधेरी थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120 (बी) (साजिश), 409 (आपराधिक विश्वासघात) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

प्राथमिकी के अनुसार, नाथ दंपति उपनगरीय बांद्रा (पश्चिम)



के पाली गांव में एक चार मंजिला इमारत का निर्माण कर रहे थे। कोचर ने नाथ दंपति के साथ 1.95 करोड़ रुपये में एक फ्लैट खरीदने का समझौता किया और 58.5 लाख रुपये का भुगतान किया, जबकि बंगेरा ने 90 लाख रुपये में एक फ्लैट खरीदने का फैसला किया और बुकिंग राशि के रूप में 44.66 लाख रुपये का भुगतान किया।

जून 2022 में, प्रोनित नाथ ने कथित तौर पर व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से कोचर और बंगेरा को आश्वासन दिया कि निर्माण तीन महीने में पूरा हो जाएगा। प्राथमिकी में कहा गया है कि एक साल बीत गया और 23 जून, 2023 को नाथ ने कथित तौर पर उन्हें सूचित किया कि उन्हें फ्लैट बेचने में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह बुकिंग राशि वापस कर देंगे। कोचर और बंगेरा को तब पता चला कि फ्लैट एक अन्य एमओयू के माध्यम से सचेत पांडे को बेच दिए गए थे।

कोचर ने मंगलवार को अंधेरी थाने का रुख किया और प्रोनित नाथ और उनकी पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने निर्मित फ्लैट सौंपने के समझौते का पालन न करके उन्हें और बंगेरा को धोखा दिया।

शिकायत के अनुसार उन्होंने इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय का भी रुख किया है। अधिकारी ने कहा कि अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

## चीन शिंजियांग के बाहर भी मस्जिदों को बंद करने की कार्रवाई कर रहा

हांगकांग/एपी

मानवाधिकारों के क्षेत्र में काम करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन शिंजियांग के अलावा भी अन्य क्षेत्रों में मस्जिदों को बंद करने की कार्रवाई कर रहा है।

मानवाधिकार के क्षेत्र में काम करने वाले 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने अपनी रिपोर्ट में मस्जिदों को बंद किए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारियों ने उत्तरी निंशिआ और गांसू प्रांत में मस्जिदें बंद की हैं। इन इलाकों में 'हुई मुसलमानों' की बहुलता है।

स्थानीय अधिकारी मस्जिदों की वास्तुकला शैलियों को भी खत्म कर रहे हैं ताकि वह ''चीन'' की तरह प्रतीत हों। दरअसल सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी धर्म पर नियंत्रण मजबूत करने और उसके शासन के लिए संभावित चुनौतियों के जोखिम को कम करने के लिए दमनकारी अभियान चला रही है और मस्जिदों के संबंध में इस प्रकार की गतिविधियां उसी अभियान का हिस्सा है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2016 में धर्मों को चीन के अनुरूप करने का आह्वान किया था और इसके साथ ही शिंजियांग में शिकंजा कसने की कार्रवाई शुरू की थी। उस इलाके में एक करोड़ 10 लाख से अधिक उइगर मुसलमान तथा अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक रहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की पिछले वर्ष एक रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन ने शिंजियांग में 'मानवता के खिलाफ अपराध' किए हैं, जिसमें गैर-न्यायिक नजरबंदी शिविरों के नेटवर्क का निर्माण भी शामिल है। कहा जाता है कि चीन ने इन शिविरों में दस लाख उइगर, हुई, कजाख और किर्गिज लोगों को रखा है। ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार, चीनी अधिकारियों ने शिंजियांग के बाहर के क्षेत्रों में अन्य उपयोग के लिए मस्जिदों को बंद कर दिया, ध्वस्त कर दिया या उनका रूप परिवर्तित कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने हालांकि इस रिपोर्ट के संबंध में 'फैक्स' के जरिए पूछे गए प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं दिया है। ह्यूमन राइट्स वॉच के लिए चीन की कार्यवाहक निदेशक माया वांग ने कहा, ''चीन की सरकार मस्जिदों का सुदृढ़ीकरण नहीं कर रही जैसा कि वह दावा करती है बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हुए उन्हें बंद कर रही है।

## गांधी परिवार को अपने 'पापों' की कीमत चुकानी होगी : 'नेशनल हेराल्ड' पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र और इससे जुड़ी कपनियों की संपत्ति जब्त किए जाने की निंदा करने को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार किया और कहा कि 'गांधी परिवार' को अपने 'पापों' की कीमत चुकानी होगी।

यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने गांधी परिवार पर नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

प्रकाशन का एक ऑनलाइन संस्करण, हालांकि उपलब्ध है।

प्रसाद ने कांग्रेस से यह स्पष्ट करने को कहा कि बेईमानी और सार्वजनिक संपत्ति की लूट के खिलाफ की गई कार्रवाई को लोकतंत्र की अवहेलना कैसे कहा जा सकता है?

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मंगलवार को नेशनल हेराल्ड की संपत्ति कुर्क किए जाने के बाद कांग्रेस ने इस कार्रवाई को 'प्रतिशोध का तुच्छ हथकंडा' करार दिया था और केंद्रीय जांच एजेंसी को भाजपा का 'गठबंधन साझेदार' बताया था।

कांग्रेस की यह टिप्पणी उस वक्त आई जब ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रवर्तित नेशनल हेराल्ड समाचारपत्र और इससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ धनशोधन की अपनी जांच के तहत करीब 752 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति और 'इक्विटी' हिस्सेदारी (शेयर) जब्त की है।

ईडी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन कंपनी के खिलाफ संपत्ति कुर्क करने का आदेश धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया था।

नेशनल हेराल्ड की प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी ने इन बेशकीमती संपत्तियों का गबन किया क्योंकि इसके स्वामित्व वाली कंपनी के शेयर एक ऐसी कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए जहां दोनों का 76 प्रतिशत शेयरों पर नियंत्रण था। उन्होंने दावा किया कि यह लोकतंत्र में शर्मनाक, नया निचला स्तर है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने की कांग्रेस की विरासत को हड़प लिया, बल्कि पार्टी से जुड़ी संपत्तियों को भी हड़प लिया।

प्रसाद ने कहा कि दोनों कांग्रेस नेताओं ने आयकर विभाग सहित जांच एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ न्यायपालिका का रुख किया था लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली।

कांग्रेस ने दावा किया था कि ईडी की कार्रवाई भाजपा की हताशा का नतीजा है क्योंकि वह विधानसभा चुनाव के मौजूदा दौर में हार रही है। इस दावे को खारिज करते हुए प्रसाद ने कहा कि यह कांग्रेस है जो इन चुनावों में बुरी तरह पराजित होगी। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले की जांच 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले एक निजी शिकायत पर शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों ही धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल जमानत पर हैं।

### स्थापना दिवस



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधवार को रांची में झारखंड विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ।





## 'द आर्चीज' से अरिजीत सिंह का 'इन राहों में' रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

'द आर्चीज' के लिए सिंगर अरिजीत सिंह का नवीनतम गाना 'इन राहों में' आखिरकार रिलीज हो गया है। यह 1960 के क्लासिक रॉक'एन रोल का एक बेहतरीन गाना है, साथ ही यह वास्तव में टीनएजर फ्रेंडशिप की वाइब्रेंट एनर्जी को भी प्रदर्शित करता है।यह गाना 1960 के रॉक म्यूजिक को बॉलीवुड म्यूजिक की संवेदनाओं के साथ जोड़ता है, जिससे एक नया साउंड पैदा होता है। इसी नाम की लोकप्रिय अमेरिकी कॉमिक बुक सीरीज का जोया अख्तर का लाइव-एक्शन म्यूजिकल कुछ ऐसा है, जो 2022 से बन रहा है।

फ्लीटवुड मैक, रोलिंग स्टोन्स, द बीटल्स, क्रेडेंस क्लियरवॉटर रिवाइवल जैसे क्लासिक रॉक बैंड की शैली को बॉलीवुड म्यूजिक की संवेदनाओं के साथ मिश्रित करते हुए, 'इन राहों में' को क्रिएटिव रूप से पुराना और नया दोनों है। कॉमिक बुक सीरीज को भारतीय परिप्रेक्ष्य में पेश करते हुए, 'द आर्चीज' की दुनिया किशोरों की दोस्ती और रॉक'एन रोल दोनों के इर्द-गिर्द घूमती है।

## कार्तिक आर्यन करण जौहर की अगली फिल्म में नजर आएंगे

मुंबई/भाषा

अभिनेता कार्तिक आर्यन फिल्म निर्माता करण जौहर की





अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिलहाल, फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है। फिल्म निर्माण कंपनी 'धर्मा प्रोडक्शंस' और 'बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड' के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म का निर्माण हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता, शोभा कपूर, एकता आर. कपूर तथा निर्देशन संदीप मोदी करेंगे। करण जौहर ने कार्तिक आर्यन के 33वें जन्मदिन के मौके पर एक इंस्टाग्राम पोस्ट में यह जानकारी दी। फिल्म 15 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। उन्होंने लिखा, आज एक विशेष मौके पर संदीप मोदी तथा 'धर्मा प्रोडक्शंस' और 'बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड' के एक साथ आने की घोषणा करते हुए बहुत रोमांचित हूं। करण जौहर (51) ने लिखा, मैं इस फिल्म के नायक के रूप में कार्तिक आर्यन के नाम की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित महसूस कर रहा हूं। यह फिल्म 15 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। इसका निर्देशन संदीप मोदी करेंगे। उन्होंने आर्यन को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं और अभिनेता के साथ फिर से काम करने की इच्छा व्यक्त की।

## 'लॉयनेस' के साथ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी खतीजा रहमान

मुंबई/भाषा

गायिका और संगीतकार खतीजा रहमान फिल्म 'लॉयनेस' के साथ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी। निर्माताओं ने बुधवार को यह घोषणा की। फिल्म को भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और ब्रिटेन के ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफके) का समर्थन प्राप्त है। निर्माताओं के मुताबिक, खतीजा संगीतकार के रूप में अंतरराष्ट्रीय फिल्म में अपना पहला कदम रख



रही हैं। फिल्म में पेज संधू और अदिति राव हैदरी मुख्य भूमिका में हैं। ए.आर. रहमान की बेटी खतीजा ने कहा कि 'लॉयनेस' के साथ संगीत निर्देशक के रूप में अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय फिल्म के लिए मैं काफी खुश हूं। खतीजा ने एक बयान में कहा, 'लॉयनेस' का हिस्सा बनने पर उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रही हूं।'' उन्होंने बयान में कहा, ''जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी और राजकुमारी सोफिया की जिंदगी को पर्दे पर उतारने की वजह जानी तब उसी क्षण से मैं फिल्म के मूल्यों के साथ गहराई से जुड़ गई थी। हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उनके (सोफिया) संघर्ष को मान्यता दी जाए, जिसकी वह वास्तव में हकदार है।''



## 'डंकी' के गाने 'लुट्ट पुट्ट गया' में तापसी पन्नू के लिए आवारा रोमियो बने शाहरुख

मुंबई/एजेन्सी

मेगास्टार शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डंकी : ड्रॉप 2' का नया सिंगल 'लुट्ट पुट्ट गया' रिलीज हो गय है। इसमें शाहरुख खान एक पंजाबी डांस ट्रैक में तापसी पन्नू के साथ रोमांटिक अंदाज में नजर आएंगे। अरिजीत सिंह - जिनकी आवज कभी-कभी मीका सिंह जैसी लगती है - द्वारा गाया गया गाना एक धमाकेदार फिल्मी गीत है जो वास्तव में नृत्य के साथ-साथ किसी के रोमांस को व्यक्त करने के लिए एकदम सही है, भले ही प्यार एकतरफा हो। प्रीतम द्वारा रचित, 'लुट्ट पुट्ट गया' में पूर्ण पंजाबी शैली, भांगड़ा, फिल्म संगीत और कुछ पॉप का मिश्रण, एक बहुत ही विशिष्ट बॉलीवुड गीत का सार शामिल है।

दूसरी ओर, वीडियो में मुख्य रूप से शाहरुख पूरी तरह से फिल्मी शैली में सपने में सड़कों पर नाचते हुए तापसी के साथ चलते हैं और कहते हैं कि कैसे उसने उनका दिल चुरा लिया है।

इसके अलावा, म्यूजिक वीडियो में इन दोनों के अलावा उनके 'उल्लू के पट्ठे' गैंग के कुछ अन्य सदस्य भी शामिल हैं, जब वह उनके साथ खाना खाते हुये तापसी से शादी करने का सपना देखते हैं। वीडियो में एक बहुत ही बारीक सांकेतिक टिप्पणी भी है। पीछे ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के झंडे हैं और साथ ही कुछ बैकग्राउंड एक्टरों की शर्ट पर भी ये झंडे दिखाए गए हैं। एक तरह से यह पंजाब के लोगों की मानसिकता को दर्शाता है जो हमेशा इन देशों में जाने के सपने देखते रहते हैं।

हालांकि फिल्म के गहरे हिस्से का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इसमें तापसी को बोमन ईरानी द्वारा कुश्ती सिखाने और लगभग चूमे जाने के कुछ अंश भी हैं। फ़िल्मी संगीत की विशिष्ट धुनों के अलावा, जिसे गाने में छिपाने की कोशिश भी नहीं की गई है, यह पंजाबी स्वभाव को भी बखूबी अपना रहा है। वास्तविक जीवन के अनुभवों से प्रेरित, 'डंकी : ड्रॉप 2' एक सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा है, जिसमें प्यार और दोस्ती की कहानी है, जो पांच बिल्कुल अलग-अलग कहानियों को एक साथ लाती है। इसमें गुदगुदाने वाली कॉमेडी का मिश्रण भी है। जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स प्रोडक्शन की यह फिल्म राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित है। गौरी खान सह-निर्माता हैं। अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित यह फिल्म 22 दिसंबर 2023 को रिलीज़ होने वाली है।

## डेंगू से पीड़ित भूमि पेडनेकर ने की प्रशंसकों से सावधान रहने की अपील

मुंबई/भाषा

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर डेंगू से पीड़ित हैं और उनका मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

भूमि ने बुधवार को कहा कि पिछले आठ दिन अत्यधिक पीड़ा और परेशानी झेलने के बाद अब वह काफी बेहतर महसूस कर रही हैं।

फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' की अभिनेत्री भूमि ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अस्पताल के बिस्तर से अपनी कुछ तस्वीरें साझा कर यह जानकारी दी।

भूमि ने एक पोस्ट में लिखा, ''एक डेंगू के मच्छर ने, मुझे आठ दिन तक प्रताड़ित किया। लेकिन, आज जब मैं उठी तो मुझे कुछ



बेहतर महसूस हुआ, इसलिए मैंने सेल्फी लेने के बारे में सोचा।''

भूमि ने अपने प्रशंसकों को भी डेंगू मच्छरों से सतर्क रहने की सलाह दी है।

अभिनेत्री ने जानकारी के साथ-साथ सभी लोगों से सावधान रहने और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाए रखने का आग्रह किया।

भूमि (34) ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, '' मित्रों, सावधान रहें, क्योंकि पिछले कुछ दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद कठिन रहे। मच्छर भगाने वाली दवाएं अभी बहुत जरूरी हैं। अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाये रखें। बढ़ते हुए प्रदूषण से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है। मेरे जानने वाले बहुत से लोगों को हाल ही में डेंगू हुआ है। ''

भूमि ने अस्पताल के चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों का भी शुक्रिया अदा किया है।

## 16वें कथाकार महोत्सव में कहानियां सुनाएंगे सात देशों के कथाकार

नई दिल्ली/भाषा

ऑस्ट्रेलिया, जापान, तुर्किये, पोलैंड, कोलंबिया, ब्रिटेन और मंगोलिया जैसे अलग-अलग देशों और भारत के विभिन्न हिस्सों के कथाकार यहां 16वें ''कथाकार : अंतरराष्ट्रीय स्टोरीटेलर फेस्टिवल' में दर्शकों के साथ अपनी कहानियां साझा करते हुए नजर आएंगे।

सुंदर नर्सरी में एक दिसंबर से शुरू हो रहे कथाकार महोत्सव में सुबह और शाम के सत्रों में भारतीय व अंतरराष्ट्रीय कथाकार मौखिक कहानियां और परिचर्चाओं में भाग लेंगे। साथ ही महोत्सव में महत्वाकांक्षी कहानीकारों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।महोत्सव की निर्देशक प्रार्थना गहलोत ने कहा कि महोत्सव में प्रसिद्ध ब्रिटिश संगीतकार व कथाकार गॉडफ्रे डंकन हिस्सा लेंगे, जिन्हें ब्रिटेन में प्राचीन कला को कहानियों के माध्यम से लोगों के सामने रखने के लिए जाना जाता है।

गहलोत ने एक बयान में कहा, 'कथाकार महोत्सव लोगों को बेहतरीन और अद्भुत अनुभव प्रदान करेगा। आगामी महोत्सव कहानियों की विविधता, परिचर्चा, हंसी-मजाक, गहन गतिविधियों और कथाकारों व कलाकारों की प्रस्तुतियों के अपने वादे पर खरा उतरेगा। हमें बस इंतजार है उत्साह से भरपूर दर्शकों का....इसलिए इस अद्भुत सप्ताहांत पर हमारे साथ जुड़िए...जिसे आपकी भागीदारी की प्रतीक्षा है।'

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो नॉर्थ की महिला विंग द्वारा जेपीएफ के अन्तर्गत महिलाओं में धन व जीवन सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेषज्ञों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष बिंदु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित इस पैनल परिचर्चा में उत्साही महिलाओं को धन संरक्षण व जीवन सुरक्षा के गुर बताये।

## कन्नड़ राज्योत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के वासवी विद्या निकेतन ट्रस्ट महिला महाविद्यालय बसवनगुड़ी में 68वां कर्नाटक राज्योत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने दीप प्रज्वलित कर माता भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुणोत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कर्नाटक की सभ्यता व संस्कृति पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।संस्थान के प्रमुख एन सुरेश, प्राचार्या अनुपमा एवं कन्नड़ शिक्षक रेवण्णा गौड़ा ने मुणोत को सम्मानित किया।

# ‘गोमांस’ खाने संबंधी सवाल पूछकर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। तमिलनाडु में एक सरकारी स्कूल की सातवीं कक्षा की एक मुस्लिम छात्रा के माता-पिता ने बुधवार को आरोप लगाया कि एक शिक्षिका ने यह पूछकर उसे परेशान किया कि क्या वह गोमांस खाती है।

माता-पिता ने आरोप लगाया कि लड़की को कक्षा में अपने ‘परदे’ का उपयोग करके अन्य छात्रों के जूते साफ करवाकर भी प्रताड़ित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया, बच्ची से पूछा गया कि क्या वह गोमांस खाती है। शिक्षक ने उसे बताया कि ऐसे लोग केवल अहंकारी होंगे। इस बीच, छात्रा का एक वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें उसका आरोप है कि शिक्षिका ने उसे थप्पड़ भी मारा।

लड़की के पिता ने यहां पत्रकारों से कहा कि इस मामले को स्कूल के प्रमुख के साथ दो बार उठाया गया और पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत भी दी गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। एक पुलिस अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि छात्रा को अब किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। लड़की के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी शिकायत पर स्कूल प्रमुख की प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं थी और एक अन्य शिक्षक ने भी लड़की के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बेंगलूरु में सड़कें चौड़ी करने संबंधी परियोजनाओं में तेजी लाएं : सिरोया

## यात्रियों की सुविधा के लिए भाजपा सांसद ने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया



**हेब्बाल की ओर से मेखरी सर्कल से आगे सड़क का चौड़ीकरण, वर्तमान में 6-लेन मेखरी सर्कल अंडरपास के बाद शहर की ओर 4-लेन की चौड़ाई तक सीमित हो गया है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बेंगलूरु के मध्य में प्रमुख सड़क मार्गों से यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने सरकार से बेंगलूरु में, और विशेष रूप से मेखरी सर्कल से शहर और बेंगलूरु कैंटोन्मेंट स्टेशन की ओर यात्रा करने वालों के लिए सड़क चौड़ी करने संबंधी परियोजनाओं में तेजी लाने का आग्रह किया है।

यातायात अवरुद्ध होने के कारण लोगों को होने वाली समस्या के समाधान के लिए सांसद सिरोया ने उपमुख्यमंत्री व बेंगलूरु विकास मंत्री डीके शिवकुमार को पत्र लिखकर कहा, 'हेब्बल की ओर से मेखरी सर्कल से आगे सड़क का चौड़ीकरण, वर्तमान में 6-लेन मेखरी सर्कल अंडरपास के बाद शहर की ओर 4-लेन की चौड़ाई तक सीमित हो गया है। यह दिक्कत लगातार यातायात अवरुद्ध होने का कारण रही है, जिससे काफी दूरी तक वाहनों की कतारें लगी रहती हैं।'

सांसद ने कहा, 'इसी तरह, मेखरी सर्कल से कैंटोन्मेंट स्टेशन तक के हिस्से में असाधारण रूप से उच्च यातायात होता है, जिससे बेल्लारी रोड पर ट्रैफिक बढ़ जाता है।

सांसद ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए बीबीएमपी के प्रस्ताव और उच्चतम न्यायालय से मंजूरी के बावजूद सड़क चौड़ी करने के महत्त्वपूर्ण काम में देरी हो रही है।

ब्रांड बेंगलूरु को बढ़ावा देने के शिवकुमार के दृष्टिकोण के साथ सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं पर जोर देते हुए सांसद ने मेखरी जंक्शन या कावेरी जंक्शन के सौंदर्यीकरण के लिए अपनी संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास धनराशि से समर्थन देने की पेशकश की है।

बताया गया कि सांसद सिरोया का आग्रह सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं पर तत्काल ध्यान देने के लिए कार्रवाई का आह्वान है। इसमें यातायात दबाव कम करने और बेंगलूरु निवासियों के लिए आवागमन अनुभव में सुधार पर जोर दिया गया है।

# अरुणाचल प्रदेश में मिली ‘म्यूजिक फ्रॉग’ की नई प्रजाति

ईटानगर/भाषा। वैज्ञानिकों ने अरुणाचल प्रदेश में ‘म्यूजिक फ्रॉग’ की नई प्रजाति का पता लगाया है। वैज्ञानिकों ने 15 नवंबर को पत्रिका ‘जूटाक्सा’ में प्रकाशित लेख में दावा किया है कि नया मेंढक निदिराना जाति का है। उनके अनुसार, यह नई प्रजाति रूपात्मक, आणविक और ध्वनिक साक्ष्यों के आधार पर हुए बदलावों के बारे में बताती है। वैज्ञानिक बिटुपन बरुआ, वी दीपक और अभिजीत दास ने पिछले वर्ष अगस्त से सितंबर के बीच इस पूर्वोत्तर राज्य के चांगलांग और लोहित जिलों में क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया था। लेख में कहा गया है कि इस दौरान वैज्ञानिकों को छिछले पानी में वनस्पतियों में बीच एक नर मेंढक दिखाई दिया जिसका शरीर सामान्य मेंढक की तुलना में अधिक ‘मजबूत’ था और वह तेज आवाज निकाल रहा था। लेख के अनुसार, अन्य प्रजातियों की आवाजें पास के दलदली इलाके से सुनाई दीं।

## प्रदर्शन



तिरुवनंतपुरम में बुधवार को ट्रांसजेंडर्स के सदस्यों ने अपने समुदाय के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए यूथ एनरिचमेंट सोसाइटी के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सरकारी सचिवालय के सामने धरना दिया।

# जीतो महिलाओं ने की धन एवं जीवन सुरक्षा पर चर्चा

## ‘जीतो’ नॉर्थ की महिला विंग ने किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। जीतो नॉर्थ की महिला विंग द्वारा जेपीएफ के अन्तर्गत महिलाओं में धन व जीवन सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्धेश्य से विशेषज्ञों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष बिंदु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित इस पैनल परिचर्चा में उत्साही महिलाओं को धन संरक्षण व जीवन सुरक्षा के गुर बताये। फाइनसेफ़ की अनुषा राठौड़ ने कामकाजी महिलाओं से अच्छा लाभ देने वाली निवेश योजनाओं के कई विकल्प साझा किये। उन्होंने निवेश के सुझाव देते हुए बताया कि अपने बचत के पैसों को पब्लिक प्रोविडेंट फंड, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम, म्युचुअल फंड्स, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करें, जिससे अच्छा रिटर्न मिले और भविष्य सुरक्षित हो सकें।

पैनल चर्चा विशेषज्ञ इंश्योरेनश अड्डा की सीमा मेहता ने जीवन बीमा को एक महिला की समग्र वित्तीय योजना में एक रणनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग के बारे में बताया। विशिष्ट वित्तीय स्थितियों और धन सृजन और संरक्षण के लक्ष्यों के आधार पर सावधि और स्थायी जीवन बीमा पॉलिसियों के बीच संतुलन तथा महिलाओं की बीमा व निवेश आवश्यकताओं की सुरक्षा के लिए निहितार्थ कानूनी सुरक्षा के बारे में भी समझाया। हैप्पी इंश्योरेंश फ़ाइनसर्व के दीपेश मेहता ने इक्विटी म्यूचुअल फंड के संदर्भ में निवेश रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने इसके जोखिम और रिटर्न के बीच संतुलन सुनिश्चित करते समय प्रमुख बातों पर ध्यान आकर्षित किया। युवा इंश्योरेंश विशेषज्ञ अभिषेक चण्डालिया ने धन संरक्षण के संदर्भ में, महिलाओं को लंबी अवधि में अपने और अपने परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी प्रमुख बातों के साथ संपत्ति नियोजन में जीवन बीमा की भूमिका पर आज की पीढ़ी में स्वास्थ्य बीमा/जीवन बीमा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला।

फाइनेंशियल लिटरेसी की राष्ट्रीय संयोजिका ऋतु चोरड़िया ने कहा कि हमें अपने दस्तावेज़ों को सही और व्यवस्थित रखने हेतु जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अचानक आयी विपत्ति से निपटने हेतु तैयारी ही परिचर्चा का मुख्य लक्ष्य है।

राष्ट्रीय स्पान्सरशिप संयोजिका एवं जीतो साउथ महिला विंग की महामंत्री मोनिका पिरगल ने संचालन किया। कार्यक्रम में रोचकता एवं स्थिरता हेतु प्रति घंटे लकी ड्रा निकाला गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। आईएफ़एल द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार से जुड़े सभी विशेषज्ञ, प्रशिक्षक का जीतो द्वारा सम्मान किया गया।

संयोजिका शिखा तातेड एवं सह-संयोजिका संगीता बेताला ने संयुक्त रूप से संचालन किया। जीतो साउथ लेडिज विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी ने विचार रखें। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया ।



# ‘आत्मशक्ति को जागृत करने के लिए हमें उसे पहचानना जरुरी’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर के तत्वावधान में मुनिश्री हिमांशुकुमारजी के सान्निध्य में दि पावर ऑफ सेल्फ पावर (आत्मशक्ति) कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल ने सभी का स्वागत किया। मुनिश्री हिमांशुकुमारजी ने कहा कि आत्मा अनंत शक्ति संपन्न है, लेकिन कुछेक ही इसे जागृत करते हैं। आत्मशक्ति को जागृत करने के लिए हमें स्वीकार करना होगा कि आत्मा अनंत शक्ति संपन्न है, उस शक्ति को पहचान कर उसे जागृत करना और उसका सदुपयोग करना है, खुद के हुनर को पहचानने व भरोसा करना, गलतियों से कभी नहीं डरना व उससे आगे बढ़कर सबक लेना, इससे हम आत्मशक्ति को जागृत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सात शक्तियां सभी के पास होती हैं और वे हैं शारीरिक शक्ति, वाणी शक्ति, बौद्धिक शक्ति, इंद्रियों की शक्ति, कल्पना शक्ति, स्मरण शक्ति और चिंतन शक्ति, यह सभी आत्मा से जुड़ी है। संकल्प शक्ति, संयम शक्ति और सहनशक्ति से आत्मशक्ति का जागरण जल्दी होता है। त्राटक प्रयोग व कुंभक प्रयोग करने से भी आत्म शक्ति बढ़ती है। मुनिश्री हेमंतकुमारजी ने कहा, शक्ति एक ऐसा शब्द है जो एक विशेष प्रेरणा प्रदान करता है। आत्मशक्ति न्यूट्रल होती है ,उसका उपयोग अच्छा व बुरा होता है। शक्ति को मेजर व माइनर पर विभक्त करते हैं तो हम अपनी आत्मशक्ति का प्रयोग माइनर पर ज्यादा करते हैं। पीले रंग का ध्यान करने से आत्म शक्ति जागृत होती है, पीला रंग खुशी व उम्मीद देता है। कार्यशाला का संचालन व आभार मंत्री ज्योति संचेती ने किया।



# सद्‌गुणों की दौलतवाले से बड़ा धनवान और कोई नहीं : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि दिल बड़ा, दिमाग ठंडा, जुबान मीठी, अपने दिल को बड़ा रखें। अपने दिमाग को हमेशा ठंडा रखें और अपनी जुबान को हमेशा मीठी बनाए रखें। जिसके पास इन सद्गुणों की दौलत है दुनिया में उससे ज्यादा सुखी-उससे बड़ा धनवान और कोई नहीं। भगवान महावीर ने हमें ढाई हजार साल पहले यह मंत्र दिया था साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। इस मौके पर मेघराज भंसाली, मांगीलाल वेदमुथा, नेमीचंद वेदमुथा, धीरज भंडारी, तिलोकचंद भंडारी, जयंतीलाल नाहर ,घेवरचंद सालेचा, दिलीप कुमार कांकरिया, नेमीचंद संघवी, जेठमल गौरमल कुदंनमल साकलचंद वेदमुथा परिवार, कांतिलाल गांधीमुथा, नरपत भंडारी, गुलाबचंद वाणीगोता, सुरेश वाणीगोता, बाबूलाल छत्रगोता,मुकेश श्रीश्रीमाल आदि उपस्थित रहे। वसंतराज जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।मांगीलाल वेदमुथा ने अपने विचार व्यक्त किए। महिला मंडल द्वारा पूजन सम्पन्न कराई गई। मेघराज भंसाली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# ‘धर्म और आराधना से ही जीवन में परिवर्तन संभव’

राणेबेन्नूर/दक्षिण भारत। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन में मुनि मेरुपद्मसागरजी एवं अर्हम्पद्मसागर जी ने कहा कि हम जो भी धर्म या आराधना करते हैं यदि उससे हमारे जीवन में बदलाव आता है तो ही वह धर्म व आराधना सार्थक होगी। इस संसार के किसी व्यक्ति को खुश करने के लिए जगतपति की आज्ञा के विरुद्ध हमें कुछ भी नहीं करना चाहिए। मैं मानता हूं कि इस बाबत में, मनचाही सफलता के लिए अधिक मेहनत-जहोजहद करनी पड़ सकती है और परेशानी भी उठानी पड़ सकती है। व्यक्ति को जीवन में हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए क्योंकि अच्छे कर्मों का फल हमेशा अच्छा होता है।





# माँ सुसवाणी महिला मंडल का दिवाली मिलन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। माँ सुसवाणी महिला मंडल की मासिक सभा एवं दिवाली स्नेह मिलन का आयोजन मंडल संरक्षिका दुर्गा सुराना के सुदामानगर निवास पर हुआ जिसमें मंडल की सदस्याएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई तथा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपस्थित सदस्यो का परिचय एवं स्वागत करते हुए संस्थापिका अध्यक्ष संगीता सुराना ने मंडल के आगामी कार्य योजना को विस्तार से बताया।

सचिव हेमलता प्रकाशचंद सुराना ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।

# अनुशंसित उत्पादों के उपयोग से बढ़ेगा उत्पाद : सीएसआरटीआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीएसआरटीआई) केंद्रीय रेशम बोर्ड के तत्वावधान में रेशमकीट की गैर-कताई एवं स्थायी फसल की समस्या को लेकर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु में रेशमकीट की गैर-कताई के कारण कोसा उत्पादन में कमीऔर स्थायी फसल की समस्या की जानकारी प्राप्त हुई है। संस्थान समस्या के समाधान के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा है और वैज्ञानिक समस्या का मूल कारण और समाधान खोजने के काम पर लगे हुए हैं। वैज्ञानिकों ने मूलकारण का पता लगाने के लिए राज्य भर में विभिन्न स्थानों जैसे कोलार, कोप्पल, बेल्लारी, चित्रदुर्ग, बीजापुर, रायचूर, यदागिरी, हसन चामराजनगर, हंसूर वीकोटे, पालमनेरू, कृष्णागिरी औरंगाबाद और अन्य स्थानों का दौरा करके, 90 से अधिक नमूने (रेशम कीट, मिट्टी, शहतूत की पत्ती) ) संग्रहित कर परीक्षण और विश्लेषण किया जा रहा है । अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गैर-अनुशंसित कीटनाशकों के साथ-साथ वानस्पतिक पदार्थों का अंधाधुंध उपयोगकिया जाता है, गैर-स्पिनिंग के कारणों में से एक हो सकता है। इसके साथ ही बाजार में नकली रसायनों की भरमार है और ये बिना किसी प्रतिबंध के उपलब्ध हैं। रेशमकीट पालन करने वाले किसान रेशमकीट पर इसके प्रभाव को जाने बिना कीटों के नियंत्रण के लिए शहतूत की खेती में इसका उपयोग करते हैं। उन्होंने किसानोयं से निवेदन कियाकि विभिन्न संबंधित संस्थानों द्वारा विकसित केवल अनुशंसित उत्पादों का ही उपयोग करें ताकि इन समस्याओं से बचा जा सके।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com